दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




नई दिल्ली। शनिवार 15 फरवरी-2025 | वर्ष : 10 अंक : 57 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3

## विधायक जी एक साथ पांच विधानसभा कैसे कवर करते हो!







जारी है.....

कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी

कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शनिवार 15 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 57 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# सांसद अतुल गर्ग की लोकसभा में जमीन से लेकर आसमान तक सपनों की उड़ान

## नए बस अड्डे से लोहा मंडी तक बनेगी ऐलिवेटिड रोड और हिंडन एयरपोर्ट से उड़ेंगे विमान







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अपनी लोकसभा में लगातार विकास के विजन पर काम कर रहे हैं। उन्होंने जो वादे लोकसभा चुनाव में किये थे वो उन पर फोकस कर रहे हैं। बड़ी बात ये है कि उन्होंने एक साल के भीतर कमाल किया है। जमीन पर काम दिखाई दे रहा है तो आसमान की उड़ान बता रही है कि प्रयास सफल हो रहे हैं। संगठन के अलग-अलग दायित्वों को देखने के बाद भी अतुल गर्ग अपनी लोकसभा के विकास को लेकर पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। वो बड़ी योजनाओं को पास कर रहे हैं, वो अधिकारियों से फीड बैक ले रहे हैं और अब एक बड़ी सफलता हिंडन एयरपोर्ट से उड़ान के बाद मिली है। जब अतुल गर्ग ने सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष ऐलिवेटिड रोड की मांग रखी और ये मांग स्वीकार हो गई।

अतुल गर्ग की मांग पर अब ऐलिवेटिड रोड बनाने के आदेश आ गए हैं। यह ऐलिवेटिड रोड गाजियाबाद शहर के अंदर बनेगी। नए बस अड्डे के दौलतपुरा लोहा मंडी तक ऐलिवेटिड रोड बनाने के आदेश हो गए हैं। ये अतुल गर्ग के खाते में बड़ी सफलता आई है। उन्होंने 13 फरवरी को केंद्रीय सड़क परिवहन तथा हाईवे मंत्री नितिन गडकरी को पत्र दिया था। उन्हें बताया था कि मेरे लोकसभा क्षेत्र में ऐलिवेटिड रोड का काम होना है। इसकी डीपीआर फाइनल हो चुकी है, लेकिन फिलहाल ये होल्ड की गई है।

अतुल गर्ग ने अपने पत्र में ऐलिवेटिड रोड का कारण बताते हुए कहा था कि इस रास्ते में तीन डिग्री कॉलेज पड़ते हैं, व्यवसायिक प्रतिष्ठान हैं और जीटी रोड से लेकर दौलतपुरा तक यातायात जाम रहता है और लोगों को कठिनाई हो रही है। अतुल गर्ग ने अपने पत्र में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को ये भी अवगत कराया था कि पूर्व में ये निर्णय लिया गया था, लेकिन काम शुरू अभी तक नहीं हुआ। अतुल गर्ग के ऐलिवेटिड अनुरोध को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने तुरंत स्वीकार किया और ऐलिवेटिड रोड बनाने के आदेश दिये। अब ऐलिवेटिड रोड बनने के बाद नए बस अड्डे से लोहा मंडी जाने वाले वाहनों को चौधरी मोड, घंटाघर, ऑप्यूलेंट मॉल के जाम में नहीं फंसना होगा।

### जल्द शुरू हो जाएगा काम और खत्म हो जाएगा जाम



**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के प्रयास के बाद ऐलिवेटिड रोड की स्वीकृति एक बड़ी उपलब्धि है। पूर्व में भी ऐलिवेटिड रोड की निर्माण की बात चली थी तब कुछ लोग पक्ष में थे और कुछ विपक्ष में थे, लेकिन अब जब ऐलिवेटिड रोड बनने का रास्ता साफ हो गया है तो ठाकुरद्वारा मोड से दिल्ली गेट, घंटाघर, चौधरी मोड़, ऑप्यूलेंट मॉल के सामने लगने वाले जाम से मुक्ति मिल जाएगी। नीचे शहर का सामान्य ट्रैफिक चलेगा और लालकुआं की तरफ जाने वाले वाहन ऐलिवेटिड रोड से होकर गुजरेंगे। सांसद अतुल गर्ग के प्रयास के बाद एक लंबे समय से जाम से जूझ रहे इस इलाके को मुक्ति मिलेगी।

# गाजियाबाद आए गवर्नर ऑफ मिजोरम

## जनता को सौंपे 50 नए जिम, कहा- सदैव खड़े हैं गाजियाबाद के साथ





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार का दिन गाजियाबाद के लिये अहम रहा। वैलेंटाइन डे पर गाजियाबाद में विकास की दो सौगात आई। पहली सौगात मौजूदा सांसद अतुल गर्ग की तरफ से आई। उन्होंने नए बस अड्डे से लेकर दौलतपुरा फ्लाईओवर तक ऐलिवेटिड रोड को पास करा दिया और दूसरी सौगात गाजियाबाद के पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह की ओर से मिली।

जब 50 नए जिम का उद्घाटन हुआ। मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह शुरक्रवार को गाजियाबाद में थे। उन्होंने अपने राजनगर स्थित निवास स्थान से 50 जिम का शिलान्यास किया। ये जिम तब पास हुए थे जब जनरल वीके सिंह गाजियाबाद के लोकसभा सांसद थे। उन्होंने इंद्रप्रस्थ गैस कंपनी के कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत यह स्वीकृत कराए थ। उन्होंने कहा कि ये जिम लोकसभा गाजियाबाद में लगाए जा रहे हैं। इससे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य और फिटनेस के लिये अच्छी सुविधा मिलेगी। इस मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पार्षद, प्रधान और कार्यकर्ता भी मौजूद थे।









गाजियाबाद के लोगों के लिये 50 जिम स्वास्थ्य की दृष्टि से बड़ा तोहफा है। गाजियाबाद के लोगों को स्वास्थ्य और फिटनेस के लिये एक बड़ी सुविधा मिल रही है।

गाजियाबाद में मिजोरम के गवर्नर जनरल वीके सिंह के आवास पर पहुंचे भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। उनके इस प्रयास की प्रशंसा की। इस दौरान गाजियाबाद जिले और हापुड़ जिले के जिला अधिकारी, सीडीओ, नगर आयुक्त मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान जनरल वीके सिंह ने गाजियाबाद और हापुड़ तथा अन्य जनपद के लोगों की जनसमस्याओं को सुना और सभी की समस्याओं का निवारण भी किया गया।

जनरल वीके सिंह ने एक बार फिर दोहराया कि वह लोकसभा गाजियाबाद के लिये सदैव खड़े हैं। उनके परिवार के लोग हर समय गाजियाबाद के लोगों के लिये उनके बीच रहेंगे।

## लोनी विधायक नंदकिशोर के बाद शहर विधायक संजीव शर्मा ने की पहल

# आज बैठेंगे तहसील दिवस में अधिकारियों के साथ और लगेगी स्पेशल टेबल






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संजीव शर्मा विधायक चुने जाने के बाद से ही लगातार जनता के बीच हैं। वो क्षेत्र में शादी विवाह से लेकर सभी कार्यक्रमों में पहुंच रहे हैं। सोशल मीडिया अकाउंट उनकी इस कनेक्टिविटी का गवाह बन रहा है। वो कार्यकताओं के साथ तालमेल बनाकर चल रहे हैं। संजीव शर्मा ने सेना की जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया और सेना की जमीन का रेलवे के लिये एक उपयोग बताया।

वो पैठ बाजार मामले में सुझाव के साथ सामने आए। संजीव शर्मा ने पहले ही ये ऐलान किया था कि कोई भी कार्यकर्ता, कोई जनता का व्यक्ति उनसे कभी भी मिल सकता है। उनके घर के दरवाजे हमेशा जनता के लिये खुले हैं। अब संजीव शर्मा शहर विधायक के रूप में एक नई परंपरा का आगाज करने जा रहे हैं। वो तहसील दिवस में अधिकारियों के साथ बैठेंगे और उन्होंने क्षेत्र की जनता को इसका मैसेज भी दिया है। उन्होंने ये कहा कि मैं 15 फरवरी को दोपहर बारह बजे तहसील दिवस पर अधिकारियों के साथ उपलब्ध रहूंगा। जिन लोगों की समस्या है वह संपर्क करें।

शहर विधायक के रूप में संजीव शर्मा ने शहर की जनता के लिये ये एक अच्छी पहल की है। वो एक ऐसे जनप्रतिनिधि के रूप में सामने आए हैं जो जनता के बीच जनता के लिये जनता के साथ है। वो अधिकारियों के साथ संवाद कायम करते हैं और विवाद से दूर रहते हैं। उनकी इस कार्यशैली का लाभ जनता को मिलता है और समस्याओं का समाधान होता है।

### इस बात का है शासनोदश कि लगेगी जनप्रतिनिधि के लिये स्पेशल टेबल

**इस बार का शासनादेश है कि यदि क्षेत्रीय सांसद, क्षेत्रीय विधायक ऐसे दिवस में आना चाहते हैं तो उनके लिये सम्मानपूर्वक टेबल लगाई जाएगी।**

करंट क्राइम। जनप्रतिनिधि अगर तहसील दिवस, थाना दिवस, समाधान दिवस में आना चाहते हैं तो उनके लिये प्रोटोकॉल का पालन होगा। इस बार का शासनादेश है कि यदि क्षेत्रीय सांसद, क्षेत्रीय विधायक ऐसे दिवस में आना चाहते हैं तो उनके लिये सम्मानपूर्वक टेबल लगाई जाएगी। जनप्रतिनिधि प्रोटोकॉल फॉलो किया जाएगा। बताया जाता है कि इस जनादेश की कॉपी भी लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने उपलब्ध कराई थी। उन्होंने लोनी में तहसील दिवस में अपने आने की सूचना प्रशासन को दी थी। जब यहां कुछ बात में तकनीकी पेंच आया था तो नंदकिशोर गुर्जर ने शासनादेश की कॉपी तत्कालीन जिलाधिकारी रितु माहेश्वरी को भेजी थी। उन्हें शासनादेश से अवगत कराया था और फिर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर तहसील दिवस में बैठे भी थे और समस्याओं के समाधान में सहयोग भी किया था।

### जनप्रतिनिधि को देखकर पड़ जाता है एक आम नागरिक के मन में विश्वास

करंट क्राइम। थाना दिवस, तहसील दिवस, समाधान दिवस को सरकार अधिकारियों के माध्यम से इसीलिए आयोजित कराती है कि जनता की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से हो सके। जब जनसुनवाई निष्पक्ष और सरल होती है तो जनमानस में सरकार की छवि उज्जवल होती है। जनता का सरकार के प्रति विश्वास निर्मित होता है। एक मनोविज्ञान यह भी है कि जब क्षेत्र के लोग अपने वोट द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि को सामने देखते हैं तो उनका साहस बढ़ जाता है, उनमें उत्साह का संचार हो जाता है और उन्हें यह विश्वास होता है कि अब हमारी बात को प्राथमिकता से सुना जाएगा और हमारी समस्या का समाधान होगा। हमारा काम आसान होगा। इसकी मुख्य वजह यही है कि अपने नेता को देखकर जनता का आत्मविश्वास बढ़ता है।

**देखिए दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी की नजर से महाकुंभ**

# डॉ. राधा गिरि महाराज को जूना अखाड़े का महामंडलेश्वर बनाया गया





**करंट क्राइम। श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत तथा जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी इन दिनों कुंभ मेले में है। गाजियाबाद के लिए महंत नारायण गिरी विशेष रूप से प्रतिदिन कुंभ मेले की आस्था से लेकर व्यवस्था तक पूरा हाल बता रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम के साथ वो प्रतिदिन कुंभ मेले से प्रकाशित होंगे।**

दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

**प्रयागराज, करंट क्राइम :** गीता मनीषी डॉ राधा गिरि महाराज को जूना अखाड़े का महामंडलेश्वर बनाया गया है। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के मार्गनिर्देशन में हुए समारोह में उन्हें महामंडलेश्वर बनाया गया। जूना अखाड़ा पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने उनका अभिषेक कर उनको विधिवत रूप से महामंडलेश्वर बनाया। श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज, मेला प्रभारी श्रीमहंत मोहन भारती महाराज, श्रीमहंत विद्यानंद गिरि पटियाला, सचिव श्रीमहंत गणपत गिरि महाराज, सचिव ओम भारती समेत सैकडों संतों की मौजूदगी में डॉ राधा गिरि महाराज को आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने विधिवत रूप से महामंडलेश्वर घोषित किया। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि डॉ राधा गिरि महाराज ब्रहमलीन श्रीमहंत विनोद गिरि महाराज की शिष्या हैं और उनके हरिद्वार में श्री अमीर गिरि धाम व रोहतक में श्री भगवत धाम के नाम से आश्रम हैं। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवेशानंद गिरि महाराज व श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि डॉ राधा गिरि महाराज पहले से ही सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार कर रही हैं। उनके महामंडलेवर बनने से यह कार्य और अधिक तेजी से होगा।



# गडकरी बोले-योगी ने यूपी में रामराज स्थापित किया

## देश में ईमानदार नेताओं की कमी, राजनाथ ने कहा- लखनऊ में जून से बनेगी ब्रह्मोस मिसाइल



**लखनऊ करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुंशी पुलिया और खुर्रम नगर फ्लाइओवर का उद्घाटन हो गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 1,028 हजार करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया है। इस कार्यक्रम के दौरान राजनाथ सिंह से लेकर नितिन गडकरी ने सीएम योगी आदित्यनाथ के विकास कार्यों की तारीफ की है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सीएम योगी ने यूपी में रामराज्य स्थापित करने में सफलता हासिल की है। साथ ही उन्होंने कहा कि यूपी में जितने रेलवे ओवरब्रिज बन रहे हैं, यह पूरा काम उत्तर प्रदेश ब्रिज कॉरपोरेशन को देने की घोषणा करता हूं।

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि यूपी अब बीमारू राज्य नहीं रहा है, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। प्रयागराज में हुए कुंभ मेले से राज्य की अर्थव्यवस्था को जबरदस्त फायदा हुआ है। इस आयोजन से उत्तर प्रदेश की जीडीपी में 3 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है, जो कम लागत में ज्यादा रोजगार उत्पन्न करता है। होटल, टैक्सी, रेस्टोरेंट, छोटे व्यवसाय और स्थानीय कारीगरों को इसका सीधा लाभ मिला। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर और पर्यटन की वृद्धि यूपी को आर्थिक रूप से और सशक्त बनाएगी। नितिन गडकरी ने बताया कि यूपी में अब तक 1.25 लाख करोड़ रुपये की सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है। 1 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं निमार्णाधीन हैं और एक लाख करोड़ रुपये की योजनाएं पाइपलाइन में हैं। उन्होंने बताया कि कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे का निर्माण देश में पहली बार ऑटोमेटेड इंटेलिजेंट मशीन एंड गाइडेड कंस्ट्रक्शन तकनीक से किया जा रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता बेहतर होगी और 10 वर्षों तक उस पर कोई गड्ढा नहीं बनेगा।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जब कोई उद्योगपति निवेश करता है, तो वह सबसे पहले यह देखता है कि बिजली, पानी और सड़कों की स्थिति कैसी है। योगी सरकार ने इन सभी मोर्चों पर शानदार काम किया है, जिससे उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए पहली पसंद बन रहा है।

### यूपी और अर्थव्यवस्था पर अहम बात

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तक 3.5 लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है। अगले कुछ सालों में इसे 5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था का ऐसा मजबूत वातावरण बना है, जहां अपराधियों में भय और निवेशकों में विश्वास है। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश जल्द ही देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले राज्यों में शामिल होगा और भारत को विश्वगुरु बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

## ठगी के पैसे से 6 महीने दुबई रहा..लौटते ही गिरफ्तार



**लखनऊ करंट क्राइम।** लखनऊ की साइबर थाना पुलिस ने एकेटीयू में 120 करोड़ की ठगी करने वाले मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। आरोपी ठगी के बाद दुबई भाग गया था। छह महीने तक वहीं छिपा रहा। पुलिस ने जालसाज को पकड़ने के लिए ग्राहक बनकर प्लॉट खरीदने के लिए संपर्क किया। मामले में अब तक दो मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य दो की तलाश जारी है। 12 जून को यूनियन बैंक के मैनेजर अनुज कुमार सक्सेना ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा- ब्रांच से जालसाज ने बैंक का ऑफर लेटर लेकर अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) से 120 करोड़ की धोखाधड़ी की। जालसाज बापू भवन के सामने यूनियन बैंक की ब्रांच के पर एक व्यक्ति एकेटीयू का फाइनेंस ऑफिसर बनकर गया। बैंक में एकेटीयू के खाते की एफडी कराने की बात कही। बैंक मैनेजर ने अपना विजिटिंग कार्ड और ऑफर लेटर दे दिया। जिसे जालसाज ने एडिट करके अपने नाम से बना लिया। इसके अलावा यूनियन बैंक और एकेटीयू की फर्जी मेल आईडी बनाई। फर्जी मेल से एकेटीयू की ऑफिशियल मेल पर और एकेटीयू की फर्जी आईडी से बैंक की असली आईडी पर मेल से लेटर चलाया। एकेटीयू का अथारिटी लेटर और केवाईसी लेकर 120 करोड़ आरटीजीएस के जरिए ट्रांसफर करवा लिया।

# सीबीएससी की परीक्षा आज से शुरू

## सीसीटीवी की निगरानी में होगा एग्जाम, 44 लाख छात्र देंगे पेपर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं व बारहवीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए बोर्ड ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। इस बार परीक्षाएं सीसीटीवी की निगरानी में होंगी। सीबीएसई ने इस साल से स्कूलों को कैमरे लगाने के निर्देश दिए थे। कैमरे लगने के बाद ही स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। दोनों परीक्षाओं के लिए 44 लाख से अधिक छात्र पंजीकृत हुए हैं।

बोर्ड ने परीक्षाओं के लिए देशभर में करीब 7800 केंद्र बनाए हैं। दसवीं की मुख्य परीक्षाओं की शुरुआत 15 फरवरी से अंग्रेजी के पेपर से होगी, जबकि समापन 18 मार्च को कंप्यूटर ऐप्लिकेशन के पेपर से होगा। बारहवीं की पहली परीक्षा उद्यमिता विषय व 17 फरवरी को शारीरिक शिक्षा की होगी। बारहवीं का अंतिम पेपर 4 अप्रैल को साइकोलॉजी का होगा।

पेपर लीक व नकल को रोकने के लिए बोर्ड ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। संवेदनशील केंद्रों पर खास निगरानी रहेगी। छात्रों को स्कूल ड्रेस व प्रवेश पत्र के साथ ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिलेगा। प्रवेश पत्र पर छात्र का रोल नंबर, जन्म तिथि, परीक्षा का नाम, छात्र का नाम, माता-पिता का नाम, परीक्षा सेंटर की जानकारी, दिव्यांग छात्रों की श्रेणी, एडमिट कार्ड आईडी और किस दिन कौन से विषय की परीक्षा है, इसके संबंध में जानकारी उपलब्ध है। परीक्षा सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक होगी, जबकि कुछ विषयों की परीक्षा सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक होगी।

इस बार यदि कोई भी छात्र परीक्षाओं को लेकर सोशल मीडिया पर कोई अफवाह फैलाएगा या प्रश्न पत्र डालेगा तो छात्र की वर्तमान और साथ ही अगले वर्ष की परीक्षाओं को रद्द कर दिया जाएगा। वहीं यदि किसी छात्र ने उत्तरपुस्तिका में गाली या धमकी लिखी या करेंसी रखी तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड के अनुसार, परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के बाद किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (मोबाइल फोन सहित) को अपने पास रखना, उपयोग करना या उपयोग करने के प्रयास करने को भी अनफेयर मीन्स (नकल) में गिना जाएगा।

साथ ही उसे परीक्षा नहीं देने दी जाएगी। परीक्षा केंद्र में छात्रों को किसी प्रकार के संचार उपकरण (फोन, ईयर फोन व अन्य) ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा शुरू होने से पहले छात्रों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय मिलेगा।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने योगी और गडकरी का कराया विशेष सम्मान

## बोले- एक मिनट तक खड़े होकर तालियां बजाएं



**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ में और यूपी में जो भी विकास हो पाया है उसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का ही योगदान है। यही कारण है कि आज लखनऊ सहित पूरे प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट लग रहे हैं। रक्षामंत्री ने उनके योगदान के लिए वहां पर मौजूद नेता और कार्यकताओं से खड़े होकर एक मिनट तक तालियां बजाने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने सड़क परिवहन मंत्री द्वारा लखनऊ के लिए स्वीकृत किए गए प्रोजेक्ट का उल्लेख किया।

इसके पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ 13 जनवरी को प्रारंभ हुआ था। आज एक महीने बाद महाकुंभ में अब तक 50 करोड़ लोगों ने डुबकी लगाकर एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया है। यह नया उत्तर प्रदेश है जो कि इंफ्रास्ट्रक्चर और महाकुंभ के जरिये विकास का संदेश दे रहा है। महाकुंभ के बहाने लोगों को दबी हुई धार्मिक भावनाओं को अभिव्यक्त करने का मौका दिया। महाकुंभ के आयोजन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को करीब तीन लाख करोड़ रुपये का लाभ होगा।

मुख्यमंत्री योगी लखनऊ में आयोजित 588 करोड़ रुपये की 114 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, यूपी के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य सहित भाजपा के कई नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने यूपी में रामराज्य स्थापित करने में सफलता पाई है। उन्होंने कहा कि हमें अगर हमारे देश को विश्वगुरु बनाना है तो इंफ्रास्ट्रक्चर पर खास ध्यान देना होगा बिना इसके कोई भी प्रदेश विकास नहीं कर सकता है।

उन्होंने कहा कि व्यापारी उन्हीं प्रदेशों में निवेश करता है जहां सड़कें अच्छी हों।

# महाकुंभ के आयोजन से यूपी की अर्थव्यवस्था को तीन लाख करोड़ का लाभ होगा : सीएम योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के ऐतिहासिक आयोजन को उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ 2025 में अब तक 50 करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं, जो उत्तर प्रदेश की शक्ति और व्यवस्थागत कुशलता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि आज महाकुम्भ में लोगों की सैंकड़ों वर्षों से दबी हुई भावनाओं को सम्मान मिल रहा है। इस आयोजन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन लाख करोड़ का फायदा होगा।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ का आयोजन स्थल रक्षा मंत्रालय की भूमि पर होता है और पिछले आठ वर्षों से उत्तर प्रदेश सरकार को यह भूमि लीज पर सहजता से प्राप्त हो रही है। इस बार पहली बार श्रद्धालु अक्षयवट, पातालपुरी और सरस्वती कूप के दर्शन कर पा रहे हैं, जिन्हें ऐतिहासिक रूप से सीमित पहुंच में रखा गया था।

मुख्यमंत्री योगी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ लखनऊ में 4 लेन के दो प्रमुख फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इनमें 270 करोड़ रुपये की लागत से बना इंदिरा नगर सेक्टर 25 से खुर्रमनगर-कल्याणपुर फ्लाईओवर (3 किमी) और 170 करोड़ रुपये की लागत से बना पॉलिटेक्निक से मुंशी पुलिया चौराहा फ्लाईओवर (2 किमी) शामिल है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुल 588 करोड़ रुपये की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा लखनऊ को न केवल एयरो सिटी बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी के रूप में भी विकसित किया जा रहा है।

जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हो रहा है और राज्य के हर नागरिक को बेहतर बुनियादी ढांचा और सार्वजनिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ को 1000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात मिली है, जिसमें 440 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग की दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं और करीब 600 करोड़ रुपये की विभिन्न राज्य परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास शामिल है। उन्होंने कहा कि लखनऊ को मेट्रो शहरों की तरह विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ में असाधारण भीड़ को संभालने के लिए सड़क मार्ग, रेलवे और वायु मार्ग से बेहतरीन कनेक्टिविटी दी गई है।

# तीन दिन की राहत के बाद फिर जाम की चपेट में आया शहर, नैनी में पांच किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार



**प्रयागराज।** तीन दिन राहत के बाद शुक्रवार को शहर फिर जाम की चपेट में आ गया। शहर के बालसन, एएन झा मार्ग सहित नया यमुना ब्रिज से लेकर सेंट्रल जेल नैनी तक लंबा जाम लगा हुआ है। दोपहर 12 बजे मिजार्पुर रोड पर पांच किलोमीटर लंबा जाम रहा। वाहन रेंगते नजर आए। डेढ़ किलोमीटर लंबा नया यमुना ब्रिज पार करने में दो घंटे से अधिक समय लग जा रहा है।

माघी पूर्णिमा बीतने के बाद उम्मीद थी कि भीड़ का दबाव कम होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लगातार भीड़ बढ़ने के बाद शहर फिर जाम की चपेट में आग गया है। सिविल लाइंस से मेला क्षेत्र जाने वाले मार्ग पर कई जगह जाम की स्थिति बनी है। इसी तरह झूंसी, नैनी और फाफामऊ इलाके में कई किलोमीटर जाम लगा हुआ है। स्थिति यह है कि पार्किंग में वाहन खड़ा करने का स्थान भी कम बचा है। कई घंटे तक वाहनों के रेंगने के चलते उसमें बैठे श्रद्धालुओं की हालत खस्ता हो गई है। महाकुंभ में जाम को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अख्तियार है। सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह स्वयं सड़क पर उतरें और व्यवस्था को संभालें। कहा कि प्रयागराज महाकुंभ नगर, प्रयागराज जनपद, अयोध्या वाराणसी और आसपास के सभी जिलों में कहीं भी सड़क पर जाम ना लगे। हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करें। जहां जाम होगा वहां के अधिकारियों के जवाबदेही तय होगी। शहर की ओर से मेले में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्ग पुराने हर्षवर्धन चौराहे के पास अलोपीबाग चुंकी पुल के नीचे वाहनों की लंबी कतार लगी है। जाम में चपेट में आने से लोगों को संगम पहुंचने में कई घंटे लग रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस के सिपाही तैनात हैं लेकिन वाहनों के भारी दबाव के आगे वह बेबस दिख रहे हैं। दूसरे प्रदेशों बिहार, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र से प्रयागराज पहुंचकर श्रद्धालु जाम में घंटों फंस जा रहे हैं। मध्य प्रदेश के रीवां से आए विक्रम प्रसाद ने बताया कि वह सुबह छह ही नैनी स्टेशन पर पहुंच गए थे, लेकिन दोपहर 12 बजे तक संगम नहीं पहुंच पाए हैं। जितना देर रीवां से प्रयागराज आने में लगा उससे ज्यादा समय नैनी से संगम पहुंचने में लग रहा है।

### जाम से निपटने को वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सड़क पर उतरें : सीएम योगी



लखनऊ। महाकुंभ के कारण प्रयागराज सहित प्रदेश के कई जिलों में बनी भीषण जाम की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सड़क पर उतरें। हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करें। जहां जाम होगा वहां के अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रयागराज महाकुंभ नगर, प्रयागराज जनपद, अयोध्या, वाराणसी और आसपास के सभी जिलों में कहीं भी सड़क पर जाम ना लगे।

**लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर करीब 25 किमी लंबा जाम लगा :** प्रदेश में महाकुंभ के पलट प्रवाह से अवध के अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर और बाराबंकी में बृहस्पतिवार को भयंकर जाम की स्थिति का सामना करना पड़ा। सबसे बुरा हाल अयोध्या का है। प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं का पलट प्रवाह सबसे ज्यादा रामनगरी की ओर है। इस कारण बृहस्पतिवार को 10 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। हालात नियंत्रण करने के लिए जिले की सीमा से ही वाहनों को डायवर्ट किया जा रहा है। गोरखपुर, गोंडा, लखनऊ, रायबरेली, अंबेडकरनगर मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया गया है। सुल्तानपुर में बृहस्पतिवार को लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर करीब 25 किमी लंबा जाम लगा रहा। अमहट से लेकर लंभुआ तक वाहनों की कतार लगी रही।

# संभल हिंसा के बाद से 500 से अधिक घरों पर लटके ताले



**संभल।** संभल में 24 नवंबर 2024 को हुए बवाल के बाद कोटगर्वी, नखासा तिराहा और हिंदूपुरा खेड़ा इलाके में 500 से अधिक मकान ऐसे हैं, जहां ताले लगे हैं। इन मकानो के मालिकों की जानकारी पुलिस जुटाने में लगी है। पूछताछ की जा रही है कि इन लोगों ने घर क्यों छोड़ा है। वहीं दूसरी ओर इसमें काफी परिवार ऐसे भी हैं जो डरकर मकान छोड़ गए हैं। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई का कहना है कि जिनकी भूमिका बवाल में नहीं है, वह डरें नहीं, अपने मकानों में आकर रहें।

कोई उन्हें बेवजह परेशान नहीं कर सकता है। जो बवाल में शामिल थे, वह खुद ही आत्मसमर्पण कर दें। बवाल में शामिल किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। जामा मस्जिद सर्वे के दौरान 24 नवंबर की सुबह जामा मस्जिद के पास बवाल शुरू हुआ था। इसमें पांच लोगों की जान चली गई थी, जबकि 29 पुलिसकर्मी चोटिल हुए थे। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने बवाल पर काबू पाया था।

# गृह मंत्रालय ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ केस चलाने के लिए राष्ट्रपति से मांगी अनुमति



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए राष्ट्रपति से अनुमति मांगी है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुबातिक, सूत्रों से खबर मिली है कि सत्येंद्र जैन के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी गई है।

दावा किया गया है कि मंत्रालय ने ईडी की जांच और 'पर्याप्त सबूत' की मौजूदगी के आधार पर यह अनुरोध किया है। बता दें कि जांच एजेंसी ने कथित हवाला लेनदेन से जुड़े मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में जैन पर मामला दर्ज किया था और मई 2022 में उन्हें गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल जमानत पर बाहर हैं और ईडी ने उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

मनी-लॉन्ड्रिंग का मामला इस आरोप पर दर्ज किया गया था कि जैन ने 2015 से 2017 के बीच विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर चल संपत्ति अर्जित की थी, जिसका वह संतोषजनक हिसाब नहीं दे सके। बाद में ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत भी मामला दर्ज किया और आरोप लगाया कि उनके स्वामित्व वाली और नियंत्रित कई कंपनियों ने हवाला के माध्यम से कोलकाता स्थित एंट्री ऑपरेटरों को हस्तांतरित नकदी के बदले शेल कंपनियों से 4.81 करोड़ रुपये की आवास प्रविष्टियां प्राप्त कीं।

# वैलेंटाइन डे सप्ताह : होटल में प्रेमिका से झगड़ा और फांसी पर झूल गया युवक



**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार इलाके में शुक्रवार सुबह प्रेमिका से किसी बात पर झगड़ा होने के बाद एक युवक ने होटल डी क्राउन में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की शिनाख्त निहाल विहार निवासी अभिनव सागर के रूप में ही है। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मौके पर मौजूद उसकी प्रेमिका से पूछताछ कर जांच कर रही है।

बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि शुक्रवार सुबह 7:12 बजे पश्चिम विहार ईस्ट थाना पुलिस को होटल में एक युवक के आत्महत्या करने की जानकारी मिली। थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एक युवक को कमरे में फांसी पर लटका हुआ पाया। उन्होंने आगे बताया कि होटल के कमरे में एक लड़की भी मिली।

पूछताछ के दौरान पता चला है कि वह पिछले कुछ समय से एक दूसरे को जानते थे। रात में दोनों के बीच कुछ कहासुनी हुई थी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड प्रोजेक्ट का विक्रमादित्य सिंह मलिक ने किया निरीक्षण

# ट्रायल के रूप में 750 औद्योगिक इकाइयों के दरवाजों तक पहुंचा शोधित जल : नगर आयुक्त

### 40 एमएलडी टीएसटीपी प्लांट को सुव्यवस्थित और सुंदर बनाने के लिए नगर आयुक्त ने टीम को दिए निर्देश



### उद्घाटन कार्यक्रम की बनाई गई कार्य योजना





### पानी की गुणवत्ता जांच के लिए बनाई गई लैब तथा ऑटोमेशन कंट्रोल रूम का भी किया गया निरीक्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा इंदिरापुरम अंतर्गत 40 एमएलडी के टीएसटीपी प्लांट का ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड की कमेटी के सदस्यों के साथ निरीक्षण किया गया। मौके पर डिस फिल्टर को चालू करते हुए शोधित जल की कार्यवाही को देखा गया, साथ ही प्रोजेक्ट को पूर्ण रूप से हरा भरा बनाए रखने के लिए प्लांटेशन करने के निर्देश दिए प्रोजेक्ट को सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने के लिए कहा गया। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा ऑटोमेशन कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया गया जिसमें टाइमर इत्यादि गतिविधियों को देखा गया। निरीक्षण के बाद नगर आयुक्त द्वारा सभी ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड की टीम के साथ बैठक भी की गई शीघ्र ही प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया जाएगा कार्य योजना बनाई गई, शेष कार्य को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश वबैग टीम को दिए गए।

जलकल विभाग से अधिशासी अभियंता जल कामाख्या प्रसाद आनंद द्वारा बताया गया कि साहिबाबाद औद्योगिक इकाइयों को जल आपूर्ति करने हेतु तेजी से कार्य चल रहा है जो कि लगभग फाइनल स्टेज में है। सभी इक्विपमेंट नगर आयुक्त द्वारा देखे गए प्लांट को पूर्ण रूप से व्यवस्थित किया जा चुका है और अधिक बेहतर करने के लिए कार्य चल रहा है। संपूर्ण कार्य पूर्ण होने के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।

1445 औद्योगिक इकाइयों में से 750 औद्योगिक इकाइयों के दरवाजा तक ट्रायल के रूप में शोधित जल की आपूर्ति कराई गई है कार्यवाही को आगे रफ्तार दी जा रही है।

नगर आयुक्त द्वारा जल की गुणवत्ता जांच हेतु बनाई गई लैब का निरीक्षण किया व चल रहे कार्यों की प्रशंसा भी की गई। सीवेज वाटर का ट्रीटमेंट बेहतर रूप से चल रहा है जिसका उपयोग शोधित जल बनाकर साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र द्वारा किया जाएगा। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, लेखाधिकारी जेपी सिंह, बॉण्ड सलाहकार अनुराग, आश कुमार व वबैग टीम से प्रोजेक्ट मैनेजर अग्निमोहती उपस्थित रहे।

## भाजपा के पूर्व पार्षदों ने कहा

# पुलिस ने बिना जांच के कर लिया फर्जी मुकदमा दर्ज

### पूर्व डिप्टी मेयर का ऐलान, मैं बैठूंगा जनता के साथ अनिश्चितकालीन धरने पर



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के पूर्व पार्षद ने शालीमार गार्डन में 13 फरवरी को दर्ज हुए मुकदमें को फर्जी मुकदमा बताया है। शालीमार गार्डन पुलिस ने यह मुकदमा दर्ज किया है। भाजपा के पूर्व पार्षद तथा पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सरदार सिंह भाटी का तथा भाजपा नेता कालीचरण पहलवान का आरोप है कि पुलिस ने यह मुकदमा दबाव में दर्ज किया है।

शालीमार गार्डन के व्यापारियों के साथ पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सरदार सिंह भाटी और कालीचरण पहलवान ने चेतावनी दी है कि अगर पुलिस ने इस मामले में निष्पक्ष जांच नहीं की और मुकदमें को खत्म नहीं किया तो वह सोमवार से शालीमार गार्डन थाने पर जनता के साथ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे।

### सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग का दिया हवाला और कहा- दर्ज हो मुकदमा

**करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद सरदार सिंह भाटी ने जहां पुलिस पर दबाव में आकर फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया है वहीं उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग का हवाला दिया है। उन्होंने कहा है कि सीसीटीवी कैमरे में साफ-साफ दिख रहा है कि आरोपी महिला अपनी स्कूटी पर बैठकर उसे चलाकर खुद आई है और स्कूटी को पंजाबी ढाबे शालीमार गार्डन पर रोका है। फिर पंजाबी ढाबे वाले को बुलाकर दस हजार रुपए की रंगदारी मांग रही है। जब रंगदारी देने से मना किया गया तो स्कूटी पर आई महिला ने हंगामा कर दिया। हंगामे की आवाज से आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। जबकि पुलिस ने जो मुकदमा दर्ज किया है उसमें महिला यह लिख रही है कि मेरी गाड़ी रोकर मुझपर हमला करने की धमकी दी। सरदार सिंह भाटी और कालीचरण पहलवान का ये कहना है कि सीसीटीवी कैमरे की जांच तक नहीं की गई है।

# भाजपा के क्षेत्रीय संयोजक का विचार पक्की दुकान वालों को होगा कितना स्वीकार

## कहा- जिस क्षेत्र में लगे साप्ताहिक बाजार उस दिन वहां पक्की दुकानों की घोषित हो साप्ताहिक बंदी


**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** साप्ताहिक बाजार को लेकर एक आदेश आते ही हाहाकार मच गया। इस आदेश में कहा गया कि सड़कों के किनारे साप्ताहिक बाजार नहीं लग सकता। इस आदेश के विरोध में विपक्ष से पहले भाजपा के नेता आ गए और अभी ये संदेश जा ही रहा था कि मुख्य सचिव गाजियाबाद आ गए। उनके समक्ष ये सवाल उठा तो उन्होंने यहां निर्णय को लेकर पुलिस और प्रशासन के बीच रेखा खींच दी। उन्होंने कहा कि यह निगम का अधिकार, क्षेत्र यह नगर पालिका का अधिकार क्षेत्र है। इसके बाद बाजार यथावत स्थति में लगने के निर्देश दिये गये।

नगर निगम ने वेंडिंग जोन पर काम करना शुरू किया और स्थिति यथावत रखी गई। इसी बीच भाजपा के क्षेत्रीय संयोजक के पत्र ने पक्की दुकानों की साप्ताहिक बंदी का सुझाव दिया। ये पत्र भाजपा के रेहड़ी-पटरी व्यवसाय



प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक ओमप्रकाश सिंह ओड ने लिखा। उन्होंने टाउन वेंडिंग कमेटी के अध्यक्ष को पत्र लिखा। भाजपा नेता ने कहा कि मेरी विनती है कि टाउन वेंडिंग कमेटी की मीटिंग में पथ विक्रेता जीविका संरक्षण और पथ विक्रय-विनिमय अधिनियम 2014 की धाराओं का ध्यान रखा जाए। उन्होंने पांच बिंदू बताए और कहा कि इन पर विचार किया जाए।

ओमप्रकाश ओड ने कहा कि साप्ताहिक पैठ बाजारों की सीमाएं तय की जाए। जिस स्थान पर साप्ताहिक




पैठ बाजार लगते हैं उस दिन वहां पक्की दुकान वालों की तथा उस क्षेत्र की साप्ताहिक बंदी घोषित कर दी जाए। ओमप्रकाश ओड ने सुझाव दिया कि साप्ताहिक पैठ बाजार के दुकानदारों के लिये पर्याप्त स्थान छोड़कर आगे सड़क पर पट्टी खींच दी जाए जिससे पटरी दुकानदार आगे ना आ सके। यदि वो आगे आए तो उस पर जुमार्ना लगाया जाए। साप्ताहिक पैठ बाजार वाले दिन उस क्षेत्र में घूम-घूमकर ठेली पर वस्तु, सब्जी, सामान बेचने वालों को प्रतिबंदित किया जाए। साप्ताहिक पैठ बाजारों में जाम तथा भीड़ नियंत्रित करने के लिये पुलिस की उचित व्यवस्था की जाए।

### भाजपा के कुंजन पंडित ने उठा दिया सुझाव पर सवाल

**करंट क्राइम।** भाजपा के नेता ने, भाजपा के पार्षद ने वेंडिंग कमेटी के सदस्य ने सुझाव दिया कि साप्ताहिक बंदी वाले दिन उस क्षेत्र की पक्की दुकानों को बंद रखा जाए। भाजपा नेता के सुझाव पर भाजपा नेता ने ही सवाल खड़ा कर दिया। भाजपा नेता कुंजन पंडित ने इस पत्र के जवाब में लिखा कि ये पक्की दुकान वाले अपने परिवारों को लेकर पलायन ना कर जाएं पार्षद जी। इसके बाद उन्होंने लिखा कि ऑनलाइन शॉपिंग की मार, टैक्स की मार, किराये की मार, रामलीला समाज भंडारे आदि की पर्ची को सदैव साथ खड़े रहने वाले, अलग-अलग पर्व पर दुकान के सामने भोजन, जलपान की व्यवस्था में सदैव आगे। अनेकों कारण है पक्की दुकान वालों के साथ जरा इनकी भी परवाह कर लें आप। फिलहाल सुझाव भी भाजपा के हैं, सवाल भी भाजपा के हैं, समर्थन भी भाजपा का है, विरोध भी भाजपा का है।

### सुझाव देने वाले नेता हैं टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य और भाजपा के पार्षद

**करंट क्राइम।** भाजपा नेता ओमप्रकाश ओड रेहड़ी पटरी व्यवसाय प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक हैं। उनका सुझाव है कि जहां पैठ बाजार लगे वहां उस दिन क्षेत्र का बाजार ना खुले। पैठ के ठियो के लिये पक्की दुकानों पर उस दिन ताला लगे। खास बात ये है कि सुझाव देने वाले ओमप्रकाश ओड टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य भी हैं। वो रेहड़ी पटरी व्यवसाय प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक भी हैं और केवल बाजार की जिम्मेदारी उनके पास नहीं है बल्कि वो क्षेत्र के सड़क, सीवर से लेकर स्वच्छता के भी नेता हैं। उन्हें जनता ने अपना पार्षद चुना है। वो विजयनगर के वार्ड-14 से भाजपा के पार्षद भी हैं। ओमप्रकाश ओड एक सुझाव लेकर आए हैं और ये बेहतर काम भी कर सकता है। क्योंकि प्रशासन द्वारा पहले ही पक्के बाजारो में साप्ताहिक बंदी का दिन तय किया जा चुका है। ऐसे में पैठ बाजार को शिफ्ट करके ऐसा किया जा सकता है। तालमेल बिठाकर काम हो सकता है।

# महाकुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा पहुंचा 50 करोड़ के पार



**प्रयागराज।** गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का तट विश्व के सबसे बड़े मानव समागम का साक्षी बन गया है। त्रिवेणी में पर 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। श्रद्धालुओं के आने का क्रम लगातार जारी है। तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम महाकुंभ अब इतिहास रच चुका है। यहां अबतक 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। 50 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अबतक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मुग्ध कर दिया है।

**45 करोड़ का ही लगाया गया था सरकारी अनुमान :** मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुम्भ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी।

# भाजपा पार्षद हो गए कौन से मुस्लिम कंट्री पर फिदा

## कहा- घूमकर देखा है ये देश, यह संस्कृति है बिल्कुल जुदा





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** किसी भी देश की अपनी संस्कृति होती है और उस संस्कृति से ही देश की छवि के बारे में विचार होता है। किसी देश के नागरिकों से वहां के खान-पान से वहां की संस्कृति से देश की छवि का निर्माण होता है। आमतौर पर यूरोपीय देशों की बात करते हैं तो उन्हें लेकर एक जनधारणा खुलेपन की रहती है और बात अगर मुस्लिम देशों की हो तो एक जनधारणा ये रहती है कि वहां धार्मिक कट्टरता होती है, कुछ प्रतिबंध ज्यादा होते हैं, लेकिन यात्री किसी भी देश के हों वो अगर अन्य देश में गए हैं तो ज्यादा बंदिश नहीं पसंद करते हैं, लेकिन कई बार हमारी धारणा के बिल्कुल अलग जाकर जब कोई देश दिखाई देता है तो फिर ये हैरानी की बात होती है। कुछ ऐसा ही हुआ है नगर निगम कार्यकारिणी के पूर्व उपाध्यक्ष और मौजूदा भाजपा पार्षद प्रवीण चौधरी के साथ। वो एक हफ्ते विदेश में अपने दोस्तों के साथ बिताकर लौटे हैं और उन्होंने अजरबैजान की यात्रा को, अपने अनुभव को करंट क्राइम से साझा किया।

सबसे बड़ी बात उन्होंने ये बताई कि मित्रों का कार्यक्रम था, मित्रों के अनुरोध पर मित्र ही विदेश गए थे। दोस्तों में डिप्टी मेयर के नाम से प्रसिद्ध भाजपा पार्षद प्रवीण चौधरी ने बताया कि इस देश में यात्रा से पहले उनके दिमाग में मुस्लिम देशों को लेकर एक अलग तस्वीर थी, लेकिन इस देश ने उनकी सोच को बदल दिया है। पार्षद प्रवीण चौधरी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि जब वो पढ़ाई करते थे तब उनका एक सहपाठी दोस्त अजरबैजान का था। उसी दोस्त के यहां एक पारिवारिक कार्यक्रम था, जिसमें उसने भारतीय दोस्तों को भी निमंत्रण दिया था। दोस्त के निमंत्रण पर दोस्तों को साथ लेकर दोस्त के पारिवारिक कार्यक्रम में पूर्व डिप्टी मेयर तथा मौजूदा निगम पार्षद





प्रवीण चौधरी अजरबैजान पहुंचे। उन्होंने अपने संस्मरण को साझा करते हुए कहा कि यहां की राजधानी बाकू में वो घूमे। लगभग एक सप्ताह तक वहां रहे। 400 से अधिक किमी का सफर भी यहां के कई स्थानों पर तय किया। प्रवीण चौधरी ने बताया कि मैंने पहली बार ऐसा मुस्लिम देशा देखा जहां कोई बुर्का नहीं था। टोटल बुर्का फ्री देश था। यहां लोग अपने मजहब को मानते हैं। इस्लामिक कंट्री है, लेकिन मस्जिद में उतनी भीड़ नहीं थी। सबसे खास बात ये थी कि कभी रूस का हिस्सा रहा ये देश शानदार लोगों से लबरैज मिला। सभी एक-दूसरे की परंपराओं का सम्मान करते हैं। यह देश प्राकृतिक संसाधनों से अमीर है। तेल और प्राकृतिक गैस का यहां खजाना है। उन्होंने बताया कि यहां के लोग भारतीय संस्कृति को पसंद करते हैं।

### मोदी-योगी को करते हैं पसंद और उन्हें पता है यहां हो रहा है कुंभ



**करंट क्राइम।** पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष तथा मौजूदा निगम पार्षद प्रवीण चौधरी ने बताया कि अजरबैजान में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की धूम है। उन्होंने बताया कि यहां के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी को पसंद करते हैं। उन्हें भारतीय संस्कृति पसंद है। उनको मालूम है कि भारत में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। इतना ही नहीं अजरबैजान से कुछ लोग भारत में कुंभ मेला भी घूमने आए हैं। एक ऐसा देश जहां कट्टरवाद और धार्मिक उन्माद नहीं है।

## संपादकीय

# प्रभावी कर व्यवस्था

भारत जैसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था वाले देश में राज्य को स्थितियों के अनुरूप तेजी से ढलना चाहिए और आर्थिक कारकों को आर्थिक गतिविधियों पर ही केंद्रित रहने देना चाहिए। कराधान ऐसा ही एक क्षेत्र है जहां आम व्यक्ति और कारोबार का संपर्क राज्य से होता है। बजट की लगातार बढ़ती मांग के कारण सरकार अक्सर राजस्व बढ़ाने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित करती है। किंतु राजस्व सृजन को लंबे समय तक स्थिरता देने के लिए जरूरी है कि करदाताओं को अपने हिस्से का कर चुकाने में अधिक कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को आयकर विधेयक, 2025 संसद में पेश किया, जो इन्हीं लक्ष्यों को हासिल करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। सरकार फेसलेस असेसमेंट स्कीम आदि के जरिये करदाताओं का अनुभव बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है और नया विधेयक इसे आगे ले जाने में मदद करेगा।

सीतारमण ने जुलाई 2024 के बजट भाषण में घोषणा की थी कि आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा की जाएगी। इसके पीछे विचार यह था कि इस अधिनियम को संक्षिप्त और स्पष्ट तथा पढ़ने-समझने में आसान बनाया जा सके। इसीलिए विधेयक में 622 पृष्ठ ही रखे गए हैं, जबकि वर्तमान कानून में 823 पृष्ठ हैं। इससे भी बढ़कर शब्द संख्या है, जो मौजूदा कानून के 5.20 लाख शब्दों से घटाकर विधेयक में केवल 2.60 लाख रखी गई है। ध्यान देने की बात है कि लक्ष्य कर व्यस्था को बदलना नहीं बल्कि कानून को आसान बनाना था ताकि करदाता उसे आसानी से समझ सकें। विभिन्न संशोधनों और बाद में जोड़े गए नए हिस्सों के साथ वर्तमान कानून बहुत जटिल हो चुका है।

इसमें एक अन्य खास बात है केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा ह्यचार्टर ऑफ टैक्सपेयर्सह्न आपनाया जाना, जिससे व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद है। मौजूदा कानून में आरंभ में केवल 298 धाराएं थीं मगर प्रावधान जुड़ते गए और अब कुल 819 धाराएं हो गई हैं। नए विधेयक ने इन्हें घटाकर 536 कर दिया है। वेतनभोगी करदाताओं के लिए हालात को सहज बनाने के इरादे से हर तरह की कटौती को एक ही धारा के तहत रख दिया गया है, जिससे इसे समझना भी आसान हो सके और इसका पालन करना भी। विधेयक ने आभासी डिजिटल परिसंपत्तियों को भी स्पष्ट किया है और बताया है कि इन पर कर कैसे लगेगा। सरलीकरण के लिए कर निर्धारण वर्ष और पिछले वर्ष जैसी अवधारणाओं को समाप्त किया गया। इसमें ह्यकर वर्षह्न का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें आय अर्जित की गई और जिसके लिए कर चुकाना है। संसद से पारित होने के बाद नया कानून एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा।

नए कानून के पीछे की मंशा को गलत नहीं बताया जा सकता मगर इसका वास्तविक प्रभाव इस बात पर निर्भर होगा कि इसे कितनी आसानी से लागू किया जाता है। इस समाचार पत्र में गत वर्ष प्रकाशित एक खबर के मुताबिक आयकर आयुक्त के समक्ष 5.44 लाख अपीलें लंबित थीं, जो 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि से जुड़ी थीं। कानून की वास्तविक परीक्षा यह होगी कि वह कर संबंधी मुकदमों में ला पाएगा या नहीं। इससे करदाताओं पर प्रतिकूल असर पड़ता है और राज्य की क्षमता भी इसी काम में लग जाती है, जबकि उसका दूसरी जगहों पर बेहतर इस्तेमाल हो सकता था। इसके अलावा विधेयक का इरादा कर कानून को सरल बनाना है मगर कर व्यवस्था को सरल बनाना भी जरूरी है। व्यक्तिगत आयकर के मामले में सरकार ने नई सरल कर प्रणाली लागू करके बेहतर किया है। 1 फरवरी को पेश 2025-26 के बजट में घोषणा की गई कि 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर कोई कर नहीं लगेगा। लेकिन रियायतों और सात कर दरों के साथ ढांचा अब भी जटिल बना हुआ है। इसे सरल बनाने के लिए सरकार कराधान की सीमा तय कर सकती है और कर दरें घटाकर तीन कर सकती है। सरल कर ढांचा और सरल कानून सभी के लिए मददगार होंगे।

# न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक पर आरबीआई ने लगाई पाबंदी

## बचत, चालू या किसी भी खाते से किसी भी राशि की निकासी पर रोक



**नई दिल्ली।** मुंबई स्थित न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के बाहर शुक्रवार को लोगों की कतारें देखी गईं। आरबीआई की ओर से निकासी पर रोक लगने के बाद चिंतित ग्राहक जल्द से जल्द अपना पैसा निकालना चाह रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को पर्यवेक्षी चिंताओं के बीच जमाकताओं की ओर से धन निकासी सहित कई प्रतिबंध लगा दिए थे।

रिजर्व बैंक की कार्रवाई के बाद मुंबई के अंधेरी में विजयनगर शाखा के बाहर शुक्रवार को खाताधारकों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्राहक इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि उन्हें अपना पैसा कब मिलेगा। कुछ लोगों ने तो यहां तक कहा कि बैंक उनके सवालों का जवाब नहीं दे रहा है और यहां तक कि इसकी ग्राहक सहायता सेवाएं और एप भी काम नहीं कर रहे हैं। बैंक के बाहर जमा हुए लोगों में से ज्यादातर वरिष्ठ नागरिक हैं। बैंक अधिकारियों ने कतार में खड़े लोगों को कूपन दिए हैं। उनके अनुसार, ग्राहक इन कूपन का इस्तेमाल अपने लॉकर तक पहुंचने के लिए कर सकते हैं।

न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक, मुंबई को दिए गए भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश गुरुवार को कारोबार की समाप्ति से लागू हो गए। ये निर्देश छह महीने की अवधि तक लागू रहेंगे और समीक्षा के अधीन होंगे।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आज न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक को ऋण देने या नवीनीकृत करने, नई जमाराशियां स्वीकार करने, निवेश करने, अपनी देनदारियों के लिए कोई भुगतान करने या अपनी किसी भी संपत्ति को बेचने से रोक दिया है। नियामक ने एक बयान में कहा कि बैंक में हाल के भौतिक घटनाक्रमों से उत्पन्न पर्यवेक्षी चिंताओं और बैंक के जमाकताओं के हितों की रक्षा के कारण यह रोक लगाई गई है। बैंक की महाराष्ट्र समेत देशभर में 26 ब्रांच हैं, और बड़ी संख्या में ग्राहक हैं।

आरबीआई के बयान में कहा गया है, बैंक की वर्तमान तरलता स्थिति को ध्यान में रखते हुए, बैंक को निर्देश दिया गया है कि वह जमाकर्ता के बचत बैंक या चालू खाते या किसी अन्य खाते से किसी भी राशि की निकासी की अनुमति न दे, लेकिन जमाराशि के विरुद्ध ऋण सेट ऑफ करने की अनुमति दी गई है।

## जनवरी में थोक महंगाई दर में राहत

# दिसंबर 2024 के 2.37% से घटकर 2.31% पर पहुंचा आंकड़ा



**नई दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं विशेषकर सब्जियों की कीमतों में गिरावट के कारण जनवरी में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति कम होकर 2.31 प्रतिशत पर आ गई। । वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए गए। दिसंबर 2024 में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 2.37 प्रतिशत थी। जनवरी 2024 में यह 0.33 प्रतिशत थी।

आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 5.88 प्रतिशत रह गई, जबकि दिसंबर 2024 में यह 8.47 प्रतिशत थी। सब्जियों की मुद्रास्फीति उल्लेखनीय रूप से घटकर 8.35 प्रतिशत रह गई, जबकि दिसंबर 2024 में यह 28.65 प्रतिशत थी।

आलू की मुद्रास्फीति 74.28 प्रतिशत पर उच्च स्तर पर बनी रही, तथा प्याज की मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 28.33 प्रतिशत हो गई। ईंधन और बिजली श्रेणी में जनवरी में 2.78 प्रतिशत की अपस्फीति देखी गई, जबकि दिसंबर में 3.79 प्रतिशत की अपस्फीति थी। विनिर्मित वस्तुओं में मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 में 2.14 प्रतिशत की तुलना में 2.51 प्रतिशत रही।

## शुरुआती बढ़त गंवाकर गिरा बाजार

# ऊपरी स्तरों से 700 अंक टूटा सेंसेक्स, निफ्टी 22900 से नीचे




**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को शुरूआती बढ़त के बाद गिरावट दिखी। दिन के ऊपरी स्तरों से सेंसेक्स 700 अंकों तक फिसल गया, वहीं निफ्टी 22900 से नीचे पहुंच गया। सुबह 11 बजकर 14 मिनट पर सेंसेक्स 357.16 (0.46%) अंक गिरकर 75,781.81 पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी 135.75 (0.59%) अंक गिरकर 22,895.65 पर कारोबार करता दिखा। इस दौरान मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में दो फीसदी तक की गिरावट दिखी।

इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के बीच भारत-अमेरिका के बीच हुए अहम समझौतों को लेकर घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली है। सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 344.09 अंक चढ़कर 76,483.06 अंक पर पहुंचा है, जबकि निफ्टी 102.3 अंक की बढ़त के साथ 23,133.70 अंक पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा रुपया भी शुरूआती कारोबार में आठ पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.85 डॉलर पर आ गया है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे थे ।

**रुपया आठ पैसे मजबूत :** अमेरिकी मुद्रा के उच्च स्तर से नीचे आने और घरेलू शेयर बाजारों के अनुकूल रुख दिखाने से रुपया शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में आठ पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.85 पर पहुंच गया।

## राशिफल

**मेष:** परिवार के लिए दिन अच्छा रहेगा। आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी की कुंजी साबित होगी। आपके परफॉरमेंस से बॉस प्रभावित होंगे।

**वृष:** आज यात्रा आपको थकान और तनाव देगी, लेकिन आर्थिक तौर पर फायदेमंद साबित होगी। अपने जीवन में नकारात्मकता लाने वाले लोगों से दूर रहें।

**मिथुन:** आज आप में से कुछ के लिए दिन थोड़ा उठा-पटक से भरा रह सकता है। कभी बिन मांगे मोती मिलेगा तो कभी होंठो से चाय फिसलती नजर आएगी।

**कर्क:** सोच-विचार कर ही किसी बड़े फैसले को अंतिम रूप दें। निर्णायक फैसला बहुत ही फायदेमंद रहेगा। सकारात्मक परिणाम मिलेंगे, तनाव की स्थिति कम होगी।

**सिंह:** आज आर्थिक चिंता हल होने की संभावना है। ऐसे लोगों से जुड़ने से बचें जो आपकी प्रतिष्ठा को आघात पहुंचा सकते हैं। पुराने दोस्त से मनमुटाव दूर होगा।

**कन्या:** आलस्य दरिद्रता का दूसरा नाम है, यह बात याद रखनी चाहिए। रवैया कामयाबी को कम कर सकता है। अधिकारी भी आपके इस रवैये से नाराज हो सकते है।

**तुला:** दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में पहले से बनी प्लानिंग किसी के सामने न रखें। आर्थिक पक्ष मजबूत होने से घर में थोड़ी तनाव की स्थिति कम होगी।

**वृश्चिक:** छोटी सी परेशानी से तनाव न लें। कारोबार के हालात सामान्य रहेंगे। थोड़ा तनाव तो कार्य करने के लिये प्रेरित करता है। उन्नति के लिए महत्व रखता है।

**धनु:** अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। आज आपके किए हुए अच्छे कार्यों का श्रेय आपको नहीं मिलेगा है, इसलिए अपने कार्य को सावधानी से करें।

**मकर:** आज कामकाज में कई दिनों से चल रहा तनाव खत्म हो जायेगा। आप व्यवस्थित अंदाज और एकाग्रता से काम लेंगे, तो ज्यादातर समस्याएं समाप्त हो जायेंगी।

**कुंभ:** व्यवसायिक कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे। आत्म-विश्वास बनाए रखें इससे आप अपनी हर समस्या को हल कर लेंगे। आज आप भविष्य के प्रति चिंतित रहेंगे।

**मीन:** आज का दिन आपके बिजनेस के लिहाज से अच्छा है। कारोबार में उम्मीद से ज्यादा मुनाफा होगा।

## चुटकुले

रमेश- बाथरूम से निकला तो भी उसके हाथ में फोन था।
सुरेश- हमेशा फोन में लगा रहता है
रमेश- सॉरी यार।
सुरेश- तू जब फ्री होता है तो क्या करता है।
रमेश- फोन चार्ज करता हूं।
सुरेश- और फ्री कब होता है।
रमेश- जब फोन की बैटरी खत्म हो जाती है
सुरेश बेहोश।

---

राजू स्कूल में गधा लेकर पहुंचा
अध्यापिका- ये गधा क्यों लेकर आए हो?
राजू- मैडम, आप ही कहती हैं कि आपने बड़े-बड़े गधों को इंसान बनाया है..., तो मैंने सोचा कि इसका भी भला हो जाएगा।

# आर्थिक मंदी : 8 हजार कर्मियों को निकालेगी तेल कंपनी शेवरॉन




## 2026 तक पूरी होगी छंटनी

**नई दिल्ली।** ह्यूस्टन की तेल कंपनी शेवरॉन 8,000 कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है। यह इसके कुल 40,000 कार्यबल का करीब 20 फीसदी हिस्सा होगा। कंपनी का लक्ष्य अगले साल के अंत तक लागत में तीन अरब डॉलर तक की कटौती करना है। इसके लिए सबसे पहले कर्मचारियों को निकालेगी। छंटनी इस साल शुरू होगी और 2026 तक पूरी हो जाएगी।

कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, शेवरॉन दक्षता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए परिचालन को सुव्यवस्थित कर रही है। इसमें अपने पोर्टफोलियो को अनुकूलित करना, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना और वैश्विक कार्य केंद्रों का विस्तार करना शामिल है। इन निर्णयों को हल्के में नहीं लिया गया है, और हम बदलाव के दौरान कर्मचारियों का समर्थन करेंगे। दूसरी सबसे बड़ी अमेरिकी तेल कंपनी शेवरॉन ने पिछले साल अपना मुख्यालय कैलिफोर्निया के सैन रेमन से हटाकर ह्यूस्टन स्थानांतरित कर दिया था। हालांकि, सैन रेमन में इसकी मजबूत उपस्थिति बनी हुई है।

कॉमर्जबैंक बैंक ने कहा, पोलैंड और आस-पास के सस्ते स्थानों में इसके परिचालन में नियुक्तियां की जाएंगी। यह बैंक लक्षित अधिग्रहण की तलाश में है और रणनीतिक साझेदारी पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह स्पेन, इटली और अन्य जगहों पर बड़े सौदों के विपरीत है। डच बैंक आईएनजी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया, वह अधिग्रहण के अवसरों की तलाश कर रहे हैं, संभावित रूप से यूरोप में चल रही अधिग्रहण की लहर में शामिल हो सकते हैं।

लंबे समय से कॉमर्जबैंक के साथ गठजोड़ पर विचार कर रही यूनिक्रेडिट ने कहा, दोनों बैंकों के बीच एक संयोजन सर्वोत्तम संभव परिणाम होगा और किसी भी प्रस्ताव में अभी भी कई महीने लग सकते हैं। यूनिक्रेडिट ने गठबंधन से दूर जाने की खबरों को खारिज कर दिया।

जर्मनी का कॉमर्जबैंक 3,900 कर्मचारियों को निकालेगा। बैंक ने कहा, नौकरी में कटौती मुख्य रूप से जर्मनी में और 2028 तक पूरी होने की उम्मीद है। हालांकि, देश के बाहर नियुक्तियां होती रहेंगी। यानी, कुल कर्मियों की संख्या 36,700 पर स्थिर रहेगी। कॉमर्जबैंक का प्रबंधन कई महीने से इस रणनीति पर काम कर रहा है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- चींटियाँ कभी भी नहीं सोती हैं।
- नील आर्मस्ट्रांग ने चन्द्रमा पर अपना बायां पैर पहले रखा था। उस समय उनका दिल 1 मिनट में 156 बार धड़क रहा था।
- हाथी ही एक ऐसा जानवर है जो कूद नहीं सकता है।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल के कारण पर्वतों का 15,000 मीटर से अधिक ऊँचा होना संभव नहीं है।
- पढ़ना और सपने देखना हमारे दिमाग के अलग – अलग भागों की क्रिया है, इसलिए हम सपने में पढ़ नहीं सकते हैं।
- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला पासवर्ड 123456 है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, होशियार लोग ज्यादातर अपने आप से बातें करते हैं।
- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।
- जरुरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।

## 15 02 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन




रणधीर कपूर
अभिनेता


शिवांश बाथला


काजल सैनी


प्रियंका थपलियाल


चाहत


नेहा सिंघल


डा. अनंत शर्मा


डा.नीरज गर्ग


गोपाल सिंह


मनोज कुमार पांडेय



ललित पंडित


संजय भारद्वाज


ऋषि पांडेय


तरूण अरोड़ा खत्री



मंटू ठाकुर


आदित्य


हिमांशु शर्मा


तरुण नागर


राजीव चौहान


अंशुल जाटव


अकरम चौधरी


विजय यादव

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

# चार आईपीएल टीमों के 'द हंड्रेड' में निवेश से ईसीबी को बड़ा फायदा, 470 मिलियन पाउंड की हुई मदद




**लंदन ।** आर्थिक अड़चनों का सामना कर रहे इंग्लिश काउंटी क्रिकेट क्लबों को काफी मदद मिलने जा रही है चूंकि इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड चार मशहूर आईपीएल टीमों के निवेश की मदद से द्यद हंड्रेड लीग की आठ टीमों में हिस्सेदारी बेचकर 975 मिलियन पाउंट जुटाने में कामयाब रहा है इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने द्यद हंड्रेड की टीमों में निजी विशेषज्ञता और निवेश को सुरक्षित करने के लिए प्रक्रिया के अंतिम चरण में आठ पक्षों के साथ विशिष्टता समझौता किया है ।

मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज (मुंबई इंडियंस के मालिक), जीएमआर समूह (दिल्ली कैपिटल्स के सह मालिक), संजीव गोयनका की आरपीएसजी (लखनऊ सुपर जाइंट्स के मालिक) और सन टीवी नेटवर्क (सनराइजर्स हैदराबाद के मालिक) ने आठ टीमों में से चार के सारी हिस्सेदारी खरीद ली है।

इन सभी का कुल निवेश करीब 300 पाउंड है जो हिस्सेदारी की बिक्री के माध्यम से जुटाए गए मूल्यांकन का लगभग 30 प्रतिशत है। अन्य निवेशकों में सत्या नडेला (माइक्रोसाफ्ट), सुंदर पिचाइ (गूगल), शांतनु नारायण (एडोब) और सत्यन गजवानी (सह संस्थापक एमएलसी) के समर्थन वाली क्रिकेट इंवेस्टर होल्डिंग्स लिमिटेड शामिल है जो अब लंदन स्पिरिट्स की सह मालिक भी है । हिस्सेदारी खरीदने के लिये इस समूह ने अधिकतम 144.5 मिलियन पाउंड खर्च किये हैं ।

इस 975 मिलियन पाउंड में से ईसीबी ने काउंटी, जमीनी स्तर और मनोरंजक क्रिकेट के विकास के लिए 520 मिलियन पाउंड की भारी भरकम रकम खर्च करने की योजना बनाई है। वहीं 50 मिलियन पाउंड को जमीनी स्तर और मनोरंजक क्रिकेट के लिए निर्धारित किया गया है, 18 इंग्लिश काउंटी टीमों को 470 मिलियन पाउंड का हिस्सा मिलेगा, जिसमें उन क्लबों के लिए बड़ा हिस्सा आवंटित किया जाएगा जिनके पास द हंड्रेड में टीम नहीं है।

# एलएलसीटेन-10 के पहले मैच में आई आईएमटी मेरठ इनवेडर्स ने दर्ज की जीत, वेंकटेश्वरा लायंस को छह रन से हराया




**लखनऊ ।** मेरठ इनवेडर्स ने वेंकटेश्वरा लायंस को पहले में छह रन से हराकर एलएलसीटेन-10 में जीत के साथ शुरूआत की। गुरुवार को लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में वेंकटेश्वरा लायंस ने टॉस जीतकर मेरठ इनवेडर्स को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। आकाश की टीम ने शुभम की 21 रनों की पारी की बदौलत 10 ओवर में सात विकेट पर 91 रन बनाए। जवाब में वेंकटेश्वरा लायंस निर्धारित ओवरों में सात विकेट खोकर सिर्फ 85 रन ही बना सकी। उनके लिए वसीक रजा ने 29 रन बनाए, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके।

इस मुकाबले में मेरठ की शुरूआत धीमी हुई। सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे सचिन सिर्फ दो रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद उम्मीद थी कि तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए आकाश को जीशान का साथ मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और वह आठ रन बनाकर लौट गए। इस मैच में आकाश ने 13, सरताज ने 19, एजाज ने एक, शुभम ने 21 कामरान ने आठ और अमर ने आठ* रन बनाए। वेंकटेश्वरा के लिए निजाम ने दो विकेट लिए जबकि सलमान, धर्मेंद्र और अर्जुन ने एक-एक विकेट चटकाया। लक्ष्य का पीछा करने पहुंची वेंकटेश्वरा लायंस की शुरूआत अच्छी हुई थी। शानू और वसीक के बीच पहले विकेट के लिए 15 रनों की साझेदारी हुई, जिसे कामरान ने तोड़ा। इसके बाद टीम को एक बड़ी साझेदारी की दरकार थी लेकिन मेरठ के गेंदबाजों के कहर के आगे वेंकटेश्वरा का बल्लेबाजी क्रम ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। इस मुकाबले में अमन ने तीन, धर्मेंद्र ने 15, गगन ने शून्य, हर्षित ने 19 रन बनाए जबकि रोहित, ओमकार और सलमान खाता भी नहीं खोल सके। मेरठ के लिए कामरान ने तीन, खालिद ने दो और अनिकेत ने एक विकेट चटकाया।

**डिप्टी सीएम, ब्रेट ली और क्रिस गेल की मौजूदगी में हुआ लीग का आगाज :** अमर उजाला और लीजेंड्स लीग क्रिकेट द्वारा आयोजित की जा रही उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी टेनिस बॉल क्रिकेट लीग एलएलसीटेन-10 की गुरुवार को शुरूआत हो गई। गुरुवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लीग का उद्घाटन किया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के पूर्व गेंदबाज ब्रेट ली और वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज क्रिस गेल मौजूद रहे।

# रचिन रवींद्र की फिटनेस को लेकर न्यूजीलैंड के कोच स्टीड ने दी जानकारी

**कराची ।** न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने स्टार बल्लेबाज रचिन रवींद्र की फिटनेस को लेकर जानकारी दी है। स्टीड ने कहा कि रचिन अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हैं। रचिन को त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ कैच पकड़ते वक्त चेहरे पर गेंद लगी थी और वह बुरी तरह घायल हो गए थे। रचिन ने हालांकि, थोड़े समय के लिए नेट सत्र में हिस्सा लिया है। स्टीड ने इस बात पर जोर दिया कि रचिन की रिकवरी धीमी चल रही है और सतर्कता बरती जा रही है। न्यूजीलैंड का सामना त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में पाकिस्तान से है। इससे पहले, स्टीड ने रचिन की फिटनेस को लेकर जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि रचिन को बीच-बीच में सिरदर्द है, लेकिन इसमें भी सुधार हो रहा है। टीम प्रबंधन उनकी प्रगति पर निगरानी रख रहा है, विशेषकर चैंपियंस ट्रॉफी को देखते हुए। इस आईसीसी टूनामेंट के पहले मैच में न्यूजीलैंड का सामना पाकिस्तान से 19 फरवरी को होना है। स्टीड ने कहा, रचिन को लाहौर में चोट लगी थी। अच्छी बात यह है कि उनकी सेहत में सुधार हो रहा है और हम लोग फिलहाल एचआईए प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं। कुछ दिनों तक उन्हें सिरदर्द रहा, लेकिन अब ठीक है जो अच्छी खबर है। उन्होंने पहली बार आज नेट्स पर कुछ गेंद खेली, लेकिन खेलने के लिए फिट होने से पहले उन्हें अभी कई प्रक्रिया से गुजरना होगा। रचिन को कैसे लगी थी चोट गेंद लगने की वजह से रचिन के चेहरे से खून निकलता दिख रहा था। यह घटना पाकिस्तान की पारी के 38वें ओवर की थी। खुशदिल शाह ने डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग की तरफ हवा में एक शॉट खेला। गेंद को हवा में देखकर रचिन ने उसे लपकने की कोशिश की, लेकिन वह सही पोजिशन नहीं लेने के कारण चूक गए और गेंद सीधा जाकर उनके चेहरे से टकराई और वह बुरी तरह घायल हो गए थे। माना जा रहा था कि फ्लड लाइट की रोशनी आंखों में पड़ने के कारण रचिन से कैच और गेंद उनके चेहरे पर लगी। पाकिस्तान में 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले होने हैं ।



# बाबर आजम को नहीं पसंद आया 'किंग' कहना

**कराची ।** पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम खुद को किंग पुकारे जाने से नाखुश हैं और उन्होंने पत्रकारों से इस उपनाम से नहीं पुकारने का आग्रह किया है। बाबर को उनके प्रदर्शन के कारण किंग नाम से पुकारा जाता है। उन्होंने पाकिस्तान के लिए अब तक 59 टेस्ट, 125 वनडे और 128 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं और



क्रमशः 4235, 5990 और 4223 रन बनाए हैं। खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं बाबर बाबर ने त्रिकोणीय सीरीज के इतर पत्रकारों से कहा, 'मुझे किंग कहना बंद करें, मैं किंग नहीं हूं। मेरी अब नई भूमिका है, मैंने पहले जो भी किया है वो अतीत है। हर मैच एक नई चुनौती लेकर आता है। मैं सिर्फ भविष्य और अभी की परिस्थिति में भरोसा रखता हूं।' बाबर ने ऐसे समय पत्रकारों से अपील की है, जब वह खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। हीं, पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज खान ने इस बारे में बात की है।

# पाकिस्तान के आजम ने वनडे में पूरे किए 6000 रन विराट कोहली से कम पारियों में हासिल की उपलब्धि

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान के बाबर आजम संयुक्त रूप से सबसे तेजी से वनडे में 6000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। बाबर ने यह उपलब्धि न्यूजीलैंड के खिलाफ कराची के नेशनल स्टेडियम में खेले जा रहे त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल मैच के दौरान हासिल की। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर ने यह कारनामा विराट कोहली से कम पारियों में पूरा किया है।




### हाशिम अमला की बराबरी की

बाबर ने 123 वनडे पारियों और 126 मैचों में 6000 रन पूरे किए। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला ने भी इस उपलब्धि पर पहुंचने के लिए इतनी पारियां ली थी। विराट कोहली ने 2014 में 136 पारियों में वनडे में 6000 रन पूरे किए थे। कोहली ने यह कारनामा हैदराबाद में श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान पूरा किया था। न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन (139 पारी) और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डेविड वॉर्नर (139 पारी) इस सूची में शीर्ष पांच बल्लेबाजों में शामिल हैं।

### सबसे तेजी से पूरे किए थे 5000 वनडे रन

बाबर मई 2023 में सबसे तेजी से वनडे में 5000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने 97 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। हालांकि, वनडे विश्व कप 2023 के बाद से बाबर की फॉर्म अच्छी नहीं चल रही है।

बाबर पिछली सात वनडे पारियों में सिर्फ दो बार 50+ स्कोर खड़ा कर चुके हैं। बाबर आजम के पास सबसे तेजी से 6000 रन पूरा करने का अवसर था, लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में 23 रन पर आउट हो गए थे। हालांकि, बाबर शुक्रवार को यह उपलब्धि हासिल करने में सफल रहे। बड़ी पारी नहीं खेल सके बाबर बाबर त्रिकोणीय सीरीज में उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में 10 रन बनाए। बाबर के सामने फाइनल में दमदार प्रदर्शन करने का मौका था।

# चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हुए बेन सीएर्स

**क्राइस्टचर्च ।** जीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सीएर्स हैम्स्ट्रिंग चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। टूनामेंट का आयोजन 19 फरवरी से होना है, लेकिन इससे पहले ही न्यूजीलैंड को झटका लगा है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सीएर्स की जगह जैकब डफी को टीम में शामिल किया है।



सीएर्स के हटने से डफी को मौका मिला है जो फिलहाल त्रिकोणीय सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, सीएर्स को कराची में बुधवार को टीम के पहले ट्रेनिंग सत्र के दौरान हैम्स्ट्रिंग में दर्द उठा था। इसके बाद उनका स्कैन किया गया जिसमें हल्के टियर का पता चला। ऐसे में उन्हें कम से कम दो सप्ताह तक रिहैब की जरूरत पड़ेगी। रिहैब का समय इतना है कि सीएर्स सिर्फ भारत के खिलाफ ग्रुप चरण के अंतिम मैच के लिए उपलब्ध हो सकते थे, इसलिए हमने उन्हें बाहर रखने का फैसला किया। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, हमें सीएर्स के लिए दुख है क्योंकि अंतिम चरण में आकर बड़े टूनामेंट से बाहर होना कठिन है, विशेषकर सीएर्स के लिए ये काफी परेशान करने वाला है ।

क्योंकि यह उनका पहला बड़ा आईसीसी टूनामेंट था। सीएर्स के फिट होने में समय लगेगा इसका मतलब है कि वह ग्रुप चरण के ज्यादातर मैचों से बाहर रहेंगे। टूनामेंट के प्रारूप को देखते हुए हमने ऐसे खिलाड़ी के साथ जाना सही समझा जो पूरी तरह फिट हो। सीएर्स ऐसे खिलाड़ी हैं जिनमें काफी क्षमता है। उन्हें सीमित समय के लिए रिहैब से गुजरना है, इसलिए हमें यकीन है कि वह जल्द फिट होंगे और पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू जमीन पर होने वाली सीरीज के लिए फिट होंगे।

# एलएलसी टेन-10 का जलवा जारी, आज दूसरे दिन लखनऊ में गाजियाबाद टाइगर्स के सामने काशी नाइट्स की चुनौती



**लखनऊ ।** अमर उजाला और लीजेंड्स लीग क्रिकेट द्वारा आयोजित की जा रही एलएलसी टेन-10 लीग का आगाज हो चुका है। इसके मुकाबले लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले जा रहे हैं। आज दूसरे दिन गाजियाबाद टाइगर्स का सामना काशी नाइट्स से होगा। यह मैच रात आठ बजे से खेला जाएगा। बुधवार को उद्घाटन मैच में मेरठ इनवेडर्स ने वेंकेटेश्वरा लायंस को रोमांचक मुकाबले में छह रन से हरा दिया। फिलहाल ग्रुप स्टेज के मुकाबले खेले जा रहे हैं।

इससे पहले उद्घाटन समारोह में कई स्टार क्रिकेटर्स का जलवा देखने को मिला। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इस लीग का उद्घाटन किया। उनके साथ मंच पर वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर क्रिस गेल और ऑस्ट्रेलिया के ब्रेट ली भी मौजूद रहे। इतना ही नहीं, रंगारंग कार्यक्रम में गायक स्वरूप खान ने 'कर हर मैदान फतह' गाकर खिलाड़ियों का जोश बढ़ाया।

एलएलसीटेन10 लीग उत्तर प्रदेश में क्रिकेट के प्रति जुनून और उत्साह को एक नई दिशा देगी। यह लीग युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा मौका प्रदान करने जा रही है। लीग के सभी मैचों का प्रसार भारती के वेव्स चैनल पर सीधा प्रसारण होगा।

लीग में उत्तर प्रदेश की 12 टीमें खेल रही हैं, जिनमें राज्य के विभिन्न शहरों के खिलाड़ी शामिल हैं। इन टीमों के मेंटर क्रिस गेल, हरभजन सिंह, सुरेश रैना और ब्रेट ली हैं। लीग के मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा हैं, जबकि लीग कमिश्नर जोंटी रोड्स हैं। तीन ग्रुप में बांटी गई हैं 12 टीमें

इस टूनामेंट के लिए 12 टीमों को तीन ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप-1 में झांसी, नोएडा, गाजियाबाद और वाराणसी की टीमें हैं। वहीं, ग्रुप-2 में मेरठ, मोरादाबाद, केरासा लखनऊ और डे स्प्रिंग ईगल्स लखनऊ की टीमें हैं।

ग्रुप-3 में मथुरा, कानपुर, आगरा और बरेली की टीमें हैं। ग्रुप स्टेज में कुल 18 मैच खेले जाएंगे। वहीं, नॉकआउट राउंड में फाइनल समेत छह मैच खेले जाएंगे। कुल मिलाकर 24 मैच खेले जाएंगे।

# बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंचे थे 7000 से ज्यादा भारतीय फैंस

**सिडनी ।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024/25 के दौरान 6000 से अधिक भारतीय प्रशंसक श्रृंखला के लिये भारत में रहने वाले लोगों में टिकटों की बिक्री में 2018/19 की तुलना में छह गुना इजाफा हुआ है।




ऑस्ट्रेलिया पहुंचे थे। ऑस्ट्रेलिया ने यह सीरीज 3-1 से जीतकर एक दशक बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम की।

सीए ने एक बयान में कहा, 'छह हजार से अधिक टिकट भारत से खरीदे गए। इसके अलावा कइयों ने अपने दोस्तों या परिवार के मार्फत टिकट खरीदे।' विश्व क्रिकेट की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता में से एक इस

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 8,37,879 लोगों ने सीरीज देखी और इसके पांच प्रतिशत से अधिक टिकट विदेश में बिके हैं। विदेशियों में भारतीय प्रशंसकों ने सर्वाधिक टिकट खरीदे।

भारत बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज गंवाने के साथ-साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की दौड़ से भी बाहर हो गई थी।

# बेंगलुरु बनाम गुजरात मैच से होगा महिला प्रीमियर लीग का आगाज, भारत के घरेलू क्रिकेटरों पर रहेगी नजर

**वडोदरा ।** महिला प्रीमियर लीग का तीसरा सत्र शुक्रवार से गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और गुजरात जाएंट्स के मैच के साथ शुरू होगा जिसमें नजरें भारत के उदीयमान क्रिकेटरों पर लगी होंगी। अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ लीग की असल सफलता घरेलू खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी निर्भर करती है। पहले दो सत्र में श्रेयंका पाटिल और साइका इशाक जैसे खिलाड़ियों ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया और भारतीय टीम में भी जगह बनाई थी।

**तीसरे संस्करण के लिए बेहद उत्साहित हैं हरमनप्रीत :** डब्ल्यूपीएल के हर सत्र में उदीयमान भारतीय खिलाड़ियों की सूची बढ़ती जा रही है। एलिसा हीली, सोफी मोलिनेक्स और केट क्रॉस चोट के कारण इस सत्र में नहीं खेलेंगी। हरमनप्रीत कौर ने टूनामेंट की शुरूआत से पहले बताया कि वह महिला प्रीमियर लीग के तीसरे संस्करण के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा-



भारतीय कप्तान होने के नाते मैं इस सत्र को लेकर काफी उत्साहित हूं क्योंकि कई घरेलू क्रिकेटरों ने इस टूनामेंट के लिए खुद को तैयार किया है। नीलामी से पहले हमने बात की थी कि कई घरेलू क्रिकेटरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है और सभी के दिमाग में कुछ नाम थे । हम उम्मीद करते हैं कि वे अच्छा खेलें और भारतीय टीम मजबूत बने। शेफाली वर्मा पर रहेंगी नजरें खराब फॉर्म से जूझ रही शेफाली वर्मा दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगी। भारतीय टीम जुलाई में इंग्लैंड का दौरा करेगी और वनडे विश्व कप भी भारत में होना है। तेज गेंदबाज हरफनमौला केशवी गौतम के पास भी खुद को साबित करने का मौका होगा।

### ये विदेशी खिलाड़ी चोट से जूझ रहीं

टूनामेंट में दो नए स्थान वडोदरा और लखनऊ जोड़े गए हैं और यह अपने और विरोधी के मैदान वाले प्रारूप में खेला जायेगा। गत चैंपियन आरसीबी के लिए खिताब बरकरार रखना आसान नहीं होगा क्योंकि सोफी डिवाइन, मोलिनेक्स और केट क्रॉस जैसे खिलाड़ी इस बार नहीं खेल रहे हैं। स्टार हरफनमौला एलिसे पैरी, श्रेयंका पाटिल और आशा शोभना चोट से उबर रहे हैं। इन झटकों से उबरने की उनकी क्षमता ही साबित करेगी कि वे खिताब जीत पाएंगे या नहीं। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा, पिछली बार एकादश का हिस्सा रहे कई खिलाड़ी इस बार चोट के कारण बाहर हैं। सोफी डिवाइन विश्व की सर्वश्रेष्ठ हरफनमौलाओं में से है लिहाजा उसकी कमी खलेगी।

दो बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स टूनामेंट में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम रही है और फाइनल हारने का गम दूर करने के इरादे से उतरेगी।

# खिलाड़ियों के साथ कोच को भी मानने होंगे बीसीसीआई के नए नियम

**नई दिल्ली ।** भारत के न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज हारने के बाद बीसीसीआई ने 10 नीतियां बनाई थीं। मीडिया रिपोर्ट्स




के मुताबिक, इंग्लैंड सीरीज से अब उन नियमों को लागू कर दिया गया है। इससे न सिर्फ खिलाड़ियों, बल्कि कोच गौतम गंभीर को नुकसान उठाना पड़ा है। दरअसल, बीसीसीआई ने टीम में अनबन की रिपोर्ट्स सामने आने के बाद कुछ सख्त नियम तैयार किए थे। इन बीसीसीआई की 10 नीतियां नाम दिया गया।

# अफ्रीकी खिलाड़ी से भिड़ना शाहीन को पड़ा भारी, आईसीसी ने ठोका जुमार्ना, दो अन्य पर भी हुई कार्रवाई

**कराची ।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के मैच के दौरान उग्र व्यवहार के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी, सऊद शकील और कामरान गुलाम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। संघ ने तीनों पर जुमार्ना ठोका है, इसके अलावा उनके खाते में एक-एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा है।



आचार संहिता के नियम 2.12 का उल्लंघन करने के लिए अफरीदी पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। यह नियम 'किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खिलाड़ी, खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (दर्शक सहित) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क।' से जुड़ा है।

यह घटना बुधवार को दक्षिण अफ्रीका की पारी के 28वें ओवर में हुई जब अफरीदी ने एक रन लेने का प्रयास कर रहे मैथ्यू ब्रीट्जके का जानबूझकर रास्ता रोका जिससे शारीरिक संपर्क हुआ और दोनों खिलाड़ियों के बीच बहस हुई। तेज गेंदबाज अफरीदी ने मैच के बाद स्वीकार किया कि वह मैच के दौरान कुछ समय के लिए ब्रीट्जके को परेशान करने की कोशिश कर रहे थे लेकिन मैच खत्म होने के बाद दोनों ने सब कुछ भुलाकर हाथ मिलाया।

**इन खिलाड़ियों पर भी चला आईसीसी का चाबुक :** इसके अलावा आईसीसी ने पाकिस्तान के दो अन्य खिलाड़ियों पर भी दंडात्कम कार्रवाई की है। दरअसल, सऊद शकील और स्थानापन्न फील्डर कामरान गुलाम ने 29वें ओवर में दक्षिण अफ्रीका के टेम्बा बावुमा के बहुत करीब पहुंचकर जश्न मनाया था। आईसीसी ने इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए दोनों पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुमार्ना ठोका है। दोनों खिलाड़ियों को संहिता के नियम 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया।

# जीडीए ने दिखाई न्यायालय से संबंधित पत्रावलियों के डिजिटल अपलोडिंग कार्य में तेजी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार प्राधिकरण से संबंधित विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन वादों की पत्रावलियों को आई.ए.एस.पी. सॉफ्टवेयर पर अपलोड कराने का कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस दिशा में विधि अनुभाग द्वारा अब तक माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन लगभग 1300 से अधिक पत्रावलियों को सॉफ्टवेयर पर अपलोड कराया जा चुका है।

उक्त कार्यों को और अधिक प्रभावी व सुचारु रूप से संपन्न करने के उद्देश्य से उपाध्यक्ष महोदय द्वारा विधि अनुभाग में विशेष रूप से कंप्यूटर सिस्टम, स्कैनर और प्रशिक्षित ऑपरेटर की व्यवस्था की गई है।

इसके अतिरिक्त, उपाध्यक्ष महोदय ने विधि अनुभाग की समीक्षा बैठक के दौरान समस्त अनुभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन वादों की पैरवी के लिए विशेष रूप से सक्रिय रहें। उन्होंने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि अनुभागीय अधिकारी नियत तिथि से पूर्व संबंधित पत्रावलियों का गहन अध्ययन कर अधिवक्ताओं से विचार-विमर्श अवश्य करें, ताकि न्यायालयीन मामलों में प्राधिकरण की सुदृढ़ पैरवी सुनिश्चित की जा सके। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण इस दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है, जिससे न्यायालयीन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित हो सके।

# भाजपा नेता मानसिंह गोस्वामी के जन्मदिन पर वार्ड 10 के सेंट्रल पार्क में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 10 डीएलएफ कलोनी सैंट्रल पार्क भोपुरा में मैक्स हास्पिटल श्रेया हास्पिटल शालीमार गार्डन की तरफ से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भाजपा नेता मान सिंह गोस्वामी के जन्म दिन पर मैक्स हास्पिटल की तरफ आँखों की जांच, शुगर, बीपी, कैलेस्ट्रोल, ईसीजी, डेंटल केल्सियम बीएमसी बीएमडी यूरिकेसिड की जांच की गई।

कैम्प में सैकड़ों लोगों ने चेकप कराया। कैम्प सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक चला। श्रेया हास्पिटल शालीमार गार्डन के आई डिप्टी मैनेजर खुर्शीद 45 वर्ष से ज्यादा उम्र वालो में नजदीक की विजन कम है। सर्दी की वजह से आंखों में खुजली पानी चुंबन है।

ज्यादा लोगो की नजदीक की नजर कमजोर 70 प्रतिशत लोगो मे परेशानी है सफेद मोतिया की शिकायत आई हैं जिनको सर्जरी के लिए सुझाव दिया गया हैं।

वही लोगो मे बीपी सुगर की ज्यादा दिक्कत आई हैं जिनको योगा करने की सलाह दिया गया। इस अवसर पर पार्षद रेखा गोस्वामी, भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी, आरडी शर्मा, पवन रेड्डी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजन आर्या, मंडल अध्यक्ष विपिन डागर, मनीष सैनी, संदीप पाल, जयकुमाए शर्मा, इंद्रजीत पाल, मनोज पाल, संदीप वर्मा, मंजू लाहा आदि लोग रहे मौजूद।

# 12 घंटे में व्यापारी से लूट के 5 आरोपी गिरफ्तार

## मुठभेड़ में 4 बदमाश घायल, गुरुवार रात मुनीम को गोली मारकर की थी लूट




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मोदीनगर की महाजनान कालोनी में हुई व्यापारी से लूट की वारदात का पुलिस ने महज 12 घंटे में खुलासा कर दिया है। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में चार बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जबकि एक बदमाश फरार हो गया। एसीपी मसूरी सर्किल सिद्धार्थ गौतम के अनुसार, देर रात बदमाशों ने व्यापारी से लूटपाट की और विरोध करने पर मुनीम को गोली मार दी। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे स्वाट टीम ग्रामीण जोन और थाना मुरादनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान दो मोटरसाइकिल पर सवार छह संदिग्धों को रोका। बदमाश गंगनहर पटरी की ओर भागने लगे और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में चार बदमाश घायल हुए। घायल बदमाशों की पहचान शारुख पुत्र साबर, अभिषेक जाटव पुत्र जगपाल (लोनी बॉर्डर), नदीम पुत्र शौकीन अल्वी (टोली मोहल्ला लोनी) और शिवांश पुत्र तिलकराम (हर्ष विहार दिल्ली) के रूप में हुई। पांचवें बदमाश हरीश उर्फ विशाल कश्यप को भी हिरासत में लिया गया, जबकि एक बदमाश फरार हो गया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 690 रुपये नगद, तीन रोकड़ बही खाते, दो मोटरसाइकिल और तीन तमंचे बरामद किए हैं। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में खौफ का माहौल है।

# पार्षद गौरव शिवानी सोलंकी ने किया विकास कार्य का शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली के वार्ड 76 के पार्षद गौरव शिवानी सोलंकी द्वारा वैशाली सेक्टर 2बी के मकान संख्या 2बी/23 से मकान संख्या 2बी/44 तक साइड पटरी के निर्माण व सौंदर्यकरण के कार्य का उद्घाटन किया गया। पार्षद गौरव शिवानी सोलंकी ने कहा कि उन्होंने चुनाव से पहले इलाकावासियों से वार्ड को मॉडल के रूप में विकसित करने जो वादे किए थे, वे एक-एक करके पूरे कर रहे है।

इस मूवी पर क्षेत्र के लोगों ने पार्षद गौरव सोलंकी का आभार व्यक्त किया और फूल मालाओं से स्वागत किया।

## चार पार्षदों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक व महापौर सुनीता दयाल को लिखा पत्र

# मांगी जानकारी, इंदिरापुरम को मिली 185 करोड़ की राशि किस मद में खर्च की जाएगी

## पूछती है जनता किन-किन कार्यों को दी जाएगी प्राथमिकता : पार्षद




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार को इंदिरापुरम के चार पार्षदों ने संयुक्त लेटर पर दो पत्र जारी किए, पहला पत्र नगर आयुक्त के नाम व दूसरा महापौर के नाम उन्होंने गाजियाबाद नगर निगम में जाकर महापौर को पत्र दिया। साथ ही नगर आयुक्त को भी पत्र सौंपा। पत्र में उन्होंने विभिन्न जानकारी मांगी है। पार्षद डॉ अनिल तोमर, पार्षद प्रीति जैन, पार्षद धीरज अग्रवाल, पार्षद हरीश कडाकोटी व पूर्व पार्षद अभिनव जैन ने पत्र में लिखा है कि जैसा कि विभिन्न समाचार माध्यमों द्वारा यह जानकारी प्राप्त हुई है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा इंदिरापुरम क्षेत्र को नगर निगम गाजियाबाद को हस्तांतरित करने के लिए 185 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि इस क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्य किए जा सकें। इसके अतिरिक्त, सीएम ग्रिड रोड योजना के अंतर्गत भी क्षेत्र में कई विकास कार्य प्रस्तावित हैं। क्षेत्र की जनता हमसे बार-बार यह जानकारी चाहती है कि इस धनराशि से किन-किन कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, कार्यों की सूची क्या होगी, कार्य किस समय-सीमा में पूरे होंगे, और इसका क्रियान्वयन कैसे होगा।

चूंकि अभी तक नगर निगम द्वारा इन योजनाओं की कोई विस्तृत जानकारी या चर्चा हमसे नहीं की गई है, हम जनता को सटीक जानकारी देने में असमर्थ हैं। हमें यह भी आशंका है कि कहीं महत्वपूर्ण कार्य छूट न जाएं या अनावश्यक कार्यों में धन का अपव्यय न हो। क्योंकि हम लोग यहां पर ही निवास करते हैं तथा पिछले बहुत सालों से जमीन पर कार्य कर रहे हैं और यहां की कमियों के बारे में और जनता की जरूरत के बारे में हमें पूर्ण तरीके से हम अवगत है अतः होने वाले कार्यों के बारे में यह जरूरी है कि हमसे भी विचार विमर्श किया जाए। नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 66 : निगम की निधियों का उपयोग केवल प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यों के लिए किया जाना चाहिए । इन कार्यों की योजना तथा क्रियान्वयन की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। उपरोक्त संदर्भ में, हम आपसे आग्रह करते हैं कि हमें प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तृत योजना, कार्यों की सूची, उनकी प्राथमिकता, तथा कार्यों के पूरा होने की अनुमानित समय-सीमा की जानकारी उपलब्ध कराएं। यह जानकारी न केवल जनता को सटीक जानकारी देने में सहायक होगी। बल्कि विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही भी सुनिश्चित करेगी।

# नोएडा पुलिस की 10 हजार के इनामी से मुठभेड़ स्कूटी सवार बदमाश ने की फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में लगी गोली



**नोएडा, करंट क्राइम।** गौतमबुद्ध नगर में पुलिस और एक इनामी बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में बदमाश घायल हो गया। सूरजपुर थाना पुलिस 130 मीटर सर्विस रोड पर चेकिंग कर रही थी, जब एक संदिग्ध स्कूटी सवार दिखाई दिया। पुलिस के रुकने का इशारा करने पर बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और भागने का प्रयास किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हुए बदमाश की पहचान विनय के रूप में हुई, जो एटा जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है और वर्तमान में कासना थाना क्षेत्र के खानपुर में रह रहा था। विनय पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज था और उस पर 10,000 रुपये का इनाम घोषित था। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी के अनुसार, बदमाश के पास से एक तमंचा, एक खोखा कारतूस और दो जिंदा कारतूस .315 बोर के साथ एक चोरी की स्कूटी बरामद की गई है। गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट के विभिन्न थानों में विनय के खिलाफ 12 अभियोग दर्ज हैं। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है और उसके आपराधिक इतिहास की जांच करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# स्वर्गीय उर्मिला चौहान वाल्मीकि की प्रथम पुण्यतिथि पर किया गया हवन का आयोजन

## 'परिवार को आपकी बहुत कमी महसूस होती है', नाम आंखों से दी श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम के पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी प्रदीप चौहान एवं उनके परिवार ने नमक आंखों से पूर्व पार्षद स्वर्गीय उर्मिला चौहान वाल्मीकि की प्रथम पुण्यतिथि पर पूजा अर्चना कर हवन का आयोजन किया गया। उसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। प्रदीप चौहान ने कहा कि उर्मिला चौहान वाल्मीकि की परिवार को बहुत ही कमी महसूस होती है।

# संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का 13वां वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के डेंटल और सहायक स्वास्थ्य विज्ञान पाठ्यक्रमों का प्रतिष्ठित 13वां वार्षिक दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। यह समारोह स्नातकों की उपलब्धियों का उत्सव मनाने के लिए आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत वाईस चांसलर, डॉ. वी. एन. महालक्ष्मी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रार्थना से हुई, कार्यक्रम में संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेजर जनरल (डॉ.) जी. के. थपलियाल, माननीय वाईस चांसलर, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ उपस्थित रहे एवं संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के माननीय चांसलर, डॉ. वाई.एम. जयराज जी का स्वास्थ्य संबंधित सेवा सेवाओं में पेशेवर उत्कृष्टता और नैतिक जिम्मेदारी के महत्व के लिए संबोधन रहा। इस समारोह का मुख्य आकर्षण स्नातकों को डिग्रियों का वितरण रहा। कुल मिलाकर, इस दीक्षांत समारोह में 155 डिग्रियां प्रदान की गई जिसमे 106 डिग्रियां व्यक्तिगत रूप से दी गई। इसके साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा 21 मेधावी छात्रों को शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संतोष डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी दिल्ली ऐन सी आर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में से एक है।

# जल्द ही निकालें पैठ बाजार समस्या का हल : राजू छाबड़ा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुझे तो यह समझ में नहीं आता कि दुकानदार अपनी दुकानदारी करें या ना करें। पटरी बाजार वालों की मांग देखो पत्र में लिख रहे हैं कि जहां बाजार लगे वहां की दुकानें बंद होनी चाहिए। पटरी बाजार वाले ना तो किसी तरह का कोई टैक्स देते हैं बल्कि सड़कें और जाम कर देते हैं। जिस क्षेत्र में लगाते हैं, उस क्षेत्र की जनता परेशान होती है। किसी के साथ कोई अनहोनी हो जाए जैसे आग लग जाए तो फायर ग्रेड की गाड़ी नहीं जा सकती। कोई बीमार हो जाए तो एंबुलेंस नहीं जा सकती। चोरी चकारी इतनी होती है लोगों का पर्स काटना सामान चोरी होना सब तरह की घटनाएं होती हैं। आप देख सकते हैं कि पैठ बाजार वालों ने तो डंडे ले लेकर सिक्योरिटी गार्ड तक रखे हुए हैं जो लोगों से बदतमीजी करते हैं। आज जिन्होंने इस लेटर के जरिए उन दुकानों को बंद करने की मांग की है जो लाखों करोड़ों रुपए में लोगों ने ले रखी हैं। सरकार को हर तरह का टैक्स देते हैं। सरकार को जल्द से जल्द इन्हें शहर के बीच में से हटकर एक बड़े से ग्राउंड में भेजना चाहिए। उसके साथ-साथ जो व्यक्ति गाजियाबाद के हैं केवल बाजार वही व्यक्ति लगाएं जिससे लोकल आदमी को अपना काम धंधे की जगह मिल सके।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 13 फरवरी 2025 को स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट के छात्रों के लिए प्रतिष्ठित 5 स्टार होटल सेवन सीज द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस ड्राइव मे होटल मैनेजमेंट के बीएचएमसीटी, बीएससी (एचएचए), डिप्लोमा (एचएम) के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ड्राइव का आरंभ होटल प्रोफाईल अथवा जॉब डिस्क्रिप्शन के बारे मे होटल के अधिकारीयों द्वारा बताकर किया गया। इस ड्राइव मे पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन किया गया।

इस अवसर पर एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर एवम चेयरमैन श्री महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुंदरदीप समूह, अखिल अग्रवाल, एस.डी.जी. आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो० (डॉ०) प्रसेनजीत कुमार, प्रो. वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से०नि०), रजिस्ट्रार डॉ० राजीव रतन, अमित भारद्वाज, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट), होटल मैनेजमेंट के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) हरवीर सिंह, विभागाध्यक्ष, और फैकल्टी सदस्यों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# गाजियाबाद में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई

## पुलिस ने 543 को गिरफ्तार किया हवालात में सिर झुकाकर खड़े रहे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर एक बड़ी कार्रवाई की। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन - शहर, देहात और ट्रांस हिंडन में चलाए गए 3 घंटे के विशेष अभियान में 543 लोगों को गिरफ्तार किया गया। शहर जोन में सबसे ज्यादा 292 लोगों को पकड़ा गया। डीसीपी राजेश कुमार के अनुसार, विजयनगर में 73, कोतवाली नगर में 60, मधुबन बापूधाम में 55, नंदग्राम में 51, सिहानी गेट में 30 और कवि नगर में 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया। ट्रांस हिंडन जोन में डीसीपी निमिष पाटिल के नेतृत्व में 134 लोगों को पकड़ा गया। इनमें इंदिरापुरम से 31, कौशांबी से 21, खोड़ा से 22, साहिबाबाद से 13, लिंक रोड से 11, शालीमार गार्डन से 15 और टीला मोड़ से 21 लोग शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि पिछले 45 दिनों से यह अभियान लगातार चल रहा है। गिरफ्तार किए गए सभी लोगों को थाने लाया गया, जहां उनका मेडिकल परीक्षण कराने के बाद 34 पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया। इस अभियान में सभी एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी शामिल रहे। यह कार्रवाई सड़क किनारे, शराब की दुकानों के आसपास और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर की गई, जहां लोग खुलेआम शराब पीकर आम नागरिकों को परेशान कर रहे थे।

# तालाब की जमीन पर अवैध मदरसा

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मोदीनगर में तालाब की सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए मदरसे को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। सनातन हिंदू वाहिनी के कार्यकताओं ने मोदीनगर तहसील पर जोरदार प्रदर्शन किया। मेरठ मंडल के अध्यक्ष राज वर्मा के नेतृत्व में संगठन के दर्जनों पदाधिकारियों ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। राज वर्मा ने बताया कि गांव सारा के खसरा नंबर 659 पर स्थित तालाब की सरकारी भूमि पर अवैध रूप से मदरसा बनाया गया है।

# घर के बाहर से चोरी हो गई कार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** न्यू पंवटी कॉलोनी में रहने वाले उज्जवल कौशिक की स्कॉर्पियो कार घर के बाहर से चोरी हो गई। उज्जवल कौशिक ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह पंचवटी कॉलोनी थाना कोतवाली के निवासी हैं।

तहरीर में कहा है कि 13 फरवरी की रात को वह अपने दोस्त थर्ड-ए 43 नेहरूनगर गाजियाबाद पर किसी काम से आए थे। मैंने अपनी काले रंग की स्कॉर्पियो कार यूपी-14एफ एक्स 8787 को बाहर सड़क पर खड़ा कर दिया था।


यह कार अभय ट्रैडर्स के नाम से है। उन्होंने कहा है कि जब सुबह लगभग चार बजे उठकर देखा तो कार वहां नहीं मिली। इस कार को अज्ञात चोर चुराकर ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पहल फाउंडेशन ने पुलवामा के वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** 2019 में 14 फरवरी को ही जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षाकर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला किया गया था। हादसे में 40 भारतीय वीर सपूतों की जान गयी थी। उसी परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार को पहल फाउंडेशन ने शिप्रा सनसिटी के जॉगर्स पार्क में शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें लोगों ने पुष्प अर्जित करके शहीदों को याद किया और उनकी स्मृति में दीये मोमबत्ती जलाये ' इस अवसर पर सी पी बालियान, ललित पांडेय, वीडी शर्मा ; वीरेंद्र सिंह; महेश गौर संदीप कुमार आरपी सिंह, सुखपाल देशवाल , मनीष जैन, तिलक सरकार, जगदीश कालरा, पिंटू तोमर, शिव शुक्ला, अनुज त्यागी, एससी शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये दोस्ती कुछ अलग है ये अहसास कुछ खास है। सब जानते हैं कि शहर विधायक हो चुके संजीव शर्मा और महामंत्री पप्पू पहलवान दो जिस्म एक जान है। दोस्त का जन्मदिन है तो दोस्त ने स्पेशल कामना के साथ बधाई दी। बधाई में स्वास्थ्य है मुस्कुराते रहने की कामना है। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# गाजियाबाद में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में देर रात हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना मुरादनगर की रावली सुराना मार्ग पर चुंगी नंबर तीन के पास हुई, जहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार किसान को कुचल दिया। गांव सरना के 37 वर्षीय सौरभ त्यागी उर्फ टिंकू खेती से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। देर रात खेत से लौटते समय चुंगी नंबर तीन के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सौरभ कई फीट दूर जा गिरे और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना दिल्ली-मेरठ मार्ग पर रेलवे रोड के पास हुई। शंकर विहार कॉलोनी निवासी विक्रम सड़क पार कर रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। एसीपी मसूरी सर्किल ने बताया कि पहली घटना में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और ट्रैक्टर चालक की तलाश जारी है। पुलिस जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

# रूस के ड्रोन ने चेर्नोबिल रिएक्टर के सुरक्षा कवच को निशाना बनाया, विकिरण का स्तर सामान्य

**कीव ।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि रूसी ड्रोन ने चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र की सुरक्षा ढांचे को निशाना बनाया। यह हमला कीव क्षेत्र में रात के वक्त किया गया। जेलेंस्की के मुताबिक, ड्रोन में बड़ी मात्रा में विस्फोटक था, जिससे संयंत्र की संरचना को नुकसान पहुंचा और हमले के बाद आग लग गई। हालांकि, आग बुझा दी गई है और विकिरण स्तर में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। वहीं संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी ने भी इसकी पुष्टि की है।



**रूस पूरी दुनिया के लिए एक आतंकवादी खतरा- जेलेंस्की :** यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखे एक पोस्ट में लिखा- कल रात, एक रूसी हमलावर ड्रोन ने एक उच्च विस्फोटक वारहेड के साथ, चर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र की नष्ट हो चुकी 4वीं बिजली इकाई में विकिरण से दुनिया की रक्षा करने वाले सुरक्षा कवच पर हमला किया। यह सुरक्षा कवच यूक्रेन की तरफ से यूरोप और दुनिया के अन्य देशों के साथ मिलकर बनाया गया था, साथ ही अमेरिका के साथ - वे सभी जो मानवता की वास्तविक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। दुनिया का एकमात्र देश जो इस तरह के स्थलों पर हमला करता है।

परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर कब्जा करता है, और परिणामों की परवाह किए बिना युद्ध छेड़ता है, वह आज का रूस है। यह पूरी दुनिया के लिए एक आतंकवादी खतरा है।

**पुतिन बातचीत की तैयारी नहीं कर रहे-** जेलेंस्की ने आगे कहा- हर रात, रूस यूक्रेन के बुनियादी ढांचे और शहरों पर ऐसे हमले करता है। रूस अपनी सेना का विस्तार करना जारी रखता है और अपने विक्षिप्त, मानव-विरोधी राज्य बयानबाजी में कोई बदलाव नहीं दिखाता है। इसका मतलब है कि पुतिन निश्चित रूप से बातचीत की तैयारी नहीं कर रहे हैं - वे दुनिया को धोखा देना जारी रखने की तैयारी कर रहे हैं। इसीलिए जीवन को महत्व देने वाले सभी लोगों की ओर से एकजुट होकर दबाव बनाया जाना चाहिए - हमलावर पर दबाव बनाया जाना चाहिए। रूस को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

## भारतीय मूल के नागरिक को सिंगापुर में हुई जेल की सजा

**सिंगापुर ।** सिंगापुर में एक भारतीय मूल के नागरिक विक्रम हार्वे चोट्टियार को पूर्व राष्ट्रपति हलीमा याकूब को जान से मारने की धमकी मामले में 10 महीने और 12 सप्ताह की जेल की सजा सुनाई गई है। खबर है कि चेट्टियार को राष्ट्रपति हलीमा याकूब के खिलाफ



अपमानजनक पोस्ट करने के आरोप में जेल की सजा सुनाई गई है। आरोपी ने इंस्टाग्राम पर किया था पोस्ट मामला है कि आरोपी विक्रम ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति हलीमा याकूब के बारे में कहा था कि उन्हें घसीटकर बाहर निकाला जाना चाहिए और मार दिया जाना चाहिए। विक्रम ने 12 फरवरी को उत्पीड़न के तीन आरोपों में दोषी होने की बात स्वीकार की थी। बता दें कि विक्रम ने यह पोस्ट 30 अप्रैल, 2023 को की थी।

# बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथियों पर नियंत्रण नहीं, लालोन फकीर स्मृति समारोह रोका

**ढाका ।** बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथियों पर सरकारी नियंत्रण नहीं है। इन गुटों ने दार्शनिक व सूफी संत लालोन फकीर की स्मृति में आयोजित होने वाला समारोह रद्द करा दिया। बांग्लादेश के सबसे बड़े इस्लामी समूह हिफाजत-ए-इस्लाम की आपत्ति पर इसे रद्द करना पड़ा। फकीर लालोन सैजी की 134वीं पुण्यतिथि मनाई जानी थी। इनकी विचारधारा से रवींद्रनाथ टैगोर भी प्रभावित रहे हैं।



बिबरतन सांस्कृतिक केंद्र ने भी घटना की निंदा की है। केंद्र के महासचिव मोफिजुर रहमान लाल्टू ने कहा, 5 अगस्त को फासीवादी हसीना सरकार के पतन के बाद से कट्टरपंथी देश की सियासत और सांस्कृतिक मामलों में हावी हैं। अंतरिम सरकार इन जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने का संकेत नहीं दे रही है।

फकीर लालोन के दर्शन में जाति, वर्ग और पंथ के सभी भेदों को खारिज किया गया है। वह धार्मिक संघर्षों और नस्लवाद के खिलाफ रहे थे। उनके अनुयायी भी कट्टरपंथ के खिलाफ हैं। इसी बात से बांग्लादेश के इस्लामी संगठन खफा हैं और उन्होंने ऐसे समारोह को ही रद्द करने का फरमान सुना दिया। वे लालोन फकीर का अस्तित्व खत्म करना चाहते हैं।

**मानवाधिकार समूह ने कहा, सरकारी एजेंसियां निष्पक्ष रहें** :अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार निगरानी संस्था (एचआरडब्ल्यू) ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया है कि देश में सुरक्षा बलों को निष्पक्ष रूप से काम करने दिया जाए।

उसने कहा कि सियासी हिंसा से निपटने में कानून का शासन को बनाए रखा जाए। संयुक्त राष्ट्र की एक हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए, एचआरडब्ल्यू ने कहा, अगस्त 2024 में पीएम शेख हसीना की सरकार को हटाने के बाद हुई अशांति के दौरान कई हत्याएं, यातनाएं और सामूहिक गिरफ्तारियां हुईं।

# 2030 तक भारत-यूएस के बीच 500 अरब डॉलर का होगा व्यापार

**वॉशिंगटन ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने ये बात कही। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने मेक अमेरिका ग्रेट अगेन का नारा दिया है, जबकि भारत के लोग साल 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका तेल और गैस के व्यापार को बढ़ाएंगे ताकि भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका तेजी से संयुक्त विकास, संयुक्त उत्पादन और तकनीक के स्थानांतरण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी और सहयोग इस दुनिया को नया आकार दे सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'अमेरिका के लोग राष्ट्रपति ट्रंप के नारे मेक अमेरिका ग्रेट अगेन से अच्छी तरह वाकिफ होंगे। भारत के लोग भी साल 2047 तक विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका की भाषा में कहे तो ये मेक इंडिया ग्रेट अगेन- टक्क्ष्अ है। जब भारत और अमेरिका मिलकर काम करेंगे तो टअक्ष्अ और टक्क्ष्अ मिलकर समृद्धि के लिए मेगा साझेदारी बनाएंगे। आज हमने साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने का भी लक्ष्य तय किया है।'

### ट्रंप ने कहा- हमने आपको बहुत याद किया

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को उनके आतिथ्य और सत्कार के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'पहले कार्यकाल के दौरान भी हमने मिलकर काम किया था। आज भी मैं वही जोश, ऊर्जा और समर्पण महसूस कर रहा हूं।' गुरुवार को पीएम मोदी के व्हाइट हाउस पहुंचने पर राष्ट्रपति ट्रंप ने गले लगाकर उनका स्वागत किया।

# कैदियों पर डाला जाता था उबलता तेल, नाखून भी उखाड़ दिए जाते, धरती पर नरक से भी बदतर थीं ये जेलें

**नई दिल्ली ।** साल 1976 में अर्जेंटीना में तख्तापलट हुआ और देश में सैन्य हुकूमत कायम हो गई। इस दौर में नौसेना यांत्रिकी स्कूल (ईएसएमए) को गुप्त जेल में तब्दील कर दिया गया। यहां कैदियों को बर्बर यातनाएं दी जाती थीं। कई विरोधियों को हवाई जहाज में ले जाया जाता और जिंदा ही समुद्र में फेंक दिया जाता। गर्भवती महिलाओं को भी कैद किया जाता और उनके बच्चों को जबरदस्ती छीनकर सरकार समर्थकों को दे दिया जाता। इस जेल में करीब 5,000 कैदी रखे गए, जिनमें से सिर्फ 200 ही जिंदा बच पाए। साल 2007 में इस जेल को एक संग्रहालय में बदल दिया गया और 2023 में इसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल घोषित किया। चिली की गुप्त जेलें तानाशाह अगस्तो



पिनोशे (1973-1990) के दौर में चिली में हजारों लोगों को गुप्त जेलों में कैद किया गया। सरकार ने 1,130 से ज्यादा यातना केंद्र बनाए, जहां लोगों को स्टेडियम, जहाज, पुलिस स्टेशन और सरकारी इमारतों में अमानवीय यातनाएं दी जाती थीं। साल 2004 में एक आयोग ने 28,000 से ज्यादा पीड़ितों के बयान दर्ज किए, जिन्होंने अपने साथ हुए जुल्म की दास्तान बयां की। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, पिनोशे के दौर में करीब 3,000 लोग मारे गए या गायब कर दिए गए। म्यांमार में यातना के खौफनाक अड्डे साल 2021 में म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के बाद सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों को गुप्त पूछताछ केंद्रों में भेजा जाने लगा। इन केंद्रों में कैदियों को बिजली के झटके दिए जाते, उबलता हुआ पानी डाला जाता।

# पत्रकार को ट्रंप-मोदी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में जाने से रोका गया

**वॉशिंगटन ।** व्हाइट हाउस ने गुरुवार को एक पत्रकार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में जाने से रोक दिया। बता दें कि, व्हाइट हाउस का यह फैसला एपी और ट्रंप प्रशासन के बीच चल रहे विवाद को और बढ़ाने वाला माना जा रहा है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब एपी ने राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से 'मैक्सिको की खाड़ी' का नाम बदलकर 'अमेरिका की खाड़ी' करने के फैसले को स्वीकार नहीं किया।

इधर, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रपति को यह तय करने का अधिकार है कि कौन से पत्रकार व्हाइट हाउस में प्रवेश कर सकते हैं। उन्होंने एपी पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया और कहा, 'हम यह तय करेंगे कि किन मीडिया संस्थानों को राष्ट्रपति से सवाल पूछने की अनुमति होगी।'

**कहां से शुरू हुआ विवाद?** :डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता में आते ही कई नाम बदलने के आदेश दिए थे। उन्होंने अलास्का के प्रसिद्ध पर्वत डेनाली का नाम फिर से माउंट मैकिनले कर दिया था और मैक्सिको की खाड़ी को अमेरिका की खाड़ी नाम दिया था। एपी ने माउंट मैकिनले का नाम बदलने को स्वीकार किया, क्योंकि यह पूरी तरह अमेरिकी सीमा के भीतर है। लेकिन मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदलने से इनकार कर दिया, क्योंकि इसका कुछ हिस्सा मैक्सिको की सीमा में भी आता है।



### व्हाइट हाउस पत्रकार संघ ने किया एपी का समर्थन

एपी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कार्यकारी संपादक जूली पेस ने इसे चिंताजनक और अमेरिकी संविधान के पहले संशोधन का सीधा उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा, यह प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला है। हम प्रशासन से इस तरह की कार्रवाई तुरंत रोकने की अपील करते हैं। मामले में व्हाइट हाउस पत्रकार संघ के अध्यक्ष यूजीन डेनियल्स ने भी एपी का समर्थन करते हुए कहा कि मीडिया को इस तरह से रोकना सरकार की मनमानी दशार्ता है। उन्होंने कहा, 'सरकार के खिलाफ रिपोर्टिंग करने की वजह से पत्रकारों को बाहर करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है।'

### गूगल और एप्पल मैप ने नाम बदला

बता दें कि, गूगल मैप और एप्पल मैप ने अब इस जलक्षेत्र का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी कर दिया है। इस बीच, मैक्सिको की राष्ट्रपति ने कहा है ।

# दक्षिण कोरिया में निमार्णाधीण रिसॉर्ट में लगी भीषण आग, कम से कम छह लोगों की मौत, कई घायल

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया के बुसान शहर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां शुक्रवार को एक निमार्णाधीन रिसॉर्ट में आग लग गई, जिससे कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। मामले में बुसान की अग्निशमन एजेंसी के अनुसार, आग लगने की सूचना सुबह करीब 10:20 बजे मिली। इस घटना में लगभग 100 कर्मचारी साइट से बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि करीब 90 अग्निशमन कर्मी आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे।



### कार्यवाहक राष्ट्रपति ने दिया निर्देश

घटना के बाद दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक ने अधिकारियों को आग बुझाने के लिए सभी उपलब्ध कर्मियों और उपकरणों का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया। साथ ही अधिकारियों ने बतया कि यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया कि और कितने लोग अंदर फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने ये भी बताया कि छह लोगों को हृदयाघात के कारण अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस हादसे में सात अन्य लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं।

# सीनेट पैनल ने एफबीआई निदेशक के रूप में काश पटेल का नामांकन आगे बढ़ाया, स्वास्थ्य मंत्री बने रॉबर्ट एफ कैनेडी

**वॉशिंगटन ।** सीनेट न्यायपालिका समिति ने बृहस्पतिवार को एफबीआई निदेशक के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पसंदीदा काश पटेल के नामांकन को आगे बढ़ाने के लिए 12-10 के वोट से समर्थन दिया। यह मतदान पार्टी लाइन के अनुसार हुआ, जिससे डेमोक्रेट्स की चिंताओं को दूर किया जा सके कि पटेल राष्ट्रपति के प्रति वफादार रहेंगे और व्हाइट हाउस के विरोधियों को निशाना बनाएंगे। इसके अलावा, सीनेट ने रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर को राष्ट्रपति ट्रंप के स्वास्थ्य मंत्री के रूप में पुष्टि की, जिससे प्रमुख वैक्सीन संदेहवादी को संघीय व्यव, वैक्सीन अनुशंसाओं और खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ देश के लगभग आधे हिस्से के लिए स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रमों में 1.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का नियंत्रण मिल गया।



पटेल की अंतिम पुष्टि के लिए वोट कब होगा, स्पष्ट नहीं काश पटेल के बारे में यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी अंतिम पुष्टि के लिए वोट कब होगा, लेकिन पहले भी कुछ नामांकित व्यक्ति, जिनमें रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड शामिल हैं, ट्रंप के एंजेडे के अनुकूल रिपब्लिकन से समर्थन जुटाने में सक्षम रहे हैं। पटेल के बारे में ये जताई गई चिंता पटेल के बारे में चिंता जताई गई है, क्योंकि उनके पास अन्य एफबीआई निदेशकों की तुलना में कम प्रबंधन अनुभव है और उन्होंने कई भड़काऊ बयान दिए हैं- जैसे कि जांचकताओं को 'सरकारी गुंडे' कहना। टिप्पणियों को गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे डेमोक्रेटः पटेल पिछले महीने अपनी पुष्टिकरण सुनवाई में, पटेल ने कहा कि डेमोक्रेट उनकी टिप्पणियों को गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं। पटेल ने इस विचार से इनकार किया कि उनकी पुस्तक में सरकारी अधिकारियों की एक सूची, जो उन्होंने कहा कि 'डीप स्टेट' का हिस्सा थे, 'दुश्मनों की सूची' के बराबर थी।

# पीएम मोदी-राष्ट्रपति ट्रंप के बीच बांग्लादेश के हालात पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका दौरे पर राष्ट्रपति ट्रंप के साथ बातचीत में बांग्लादेश के हालात पर भी चर्चा की। मीडिया से बातचीत में विक्रम मिसरी ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच बांग्लादेश के मौजूदा हालात पर भी बात हुई।



**पीएम मोदी ने बांग्लादेश के हालात पर जताई चिंता :** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि 'प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में हाल के घटनाक्रमों और भारत उस स्थिति को किस तरह देखता है, इस संबंध में अपने विचार और असल में अपनी चिंताएं राष्ट्रपति ट्रंप के साथ साझा कीं।' विदेश सचिव ने कहा, 'हम उम्मीद करते हैं कि बांग्लादेश की स्थिति उस दिशा में आगे बढ़ेगी, जहां हम उनके साथ रचनात्मक और स्थिर तरीके से संबंध रख सकेंगे।' गौरतलब है कि बीते साल अगस्त में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश और भारत के संबंधों में गिरावट आई है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक वर्गों को निशाना बनाया गया और उनके खिलाफ बड़े पैमाने पर हिंसा की घटनाएं हुईं। अभी तक भी वहां हिंसा की घटनाएं आए दिन सामने आ रही हैं।

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमले रोकने में पूरी तरह से नाकाम रही है। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि 'प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में हाल के घटनाक्रमों और भारत उस स्थिति को किस तरह देखता है।

इस संबंध में अपने विचार और असल में अपनी चिंताएं राष्ट्रपति ट्रंप के साथ साझा कीं।' विदेश सचिव ने कहा, 'हम उम्मीद करते हैं कि बांग्लादेश की स्थिति उस दिशा में आगे बढ़ेगी, जहां हम उनके साथ रचनात्मक और स्थिर तरीके से संबंध रख सकेंगे।' उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ट्रंप से जब बांग्लादेश में अमेरिका की भूमिका को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि 'हमारे डीप स्टेट की बांग्लादेश में कोई भूमिका नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी लंबे समय से इस मुद्दे पर काम कर रहे हैं।'

**पीएम मोदी ने बांग्लादेश के मौजूदा हालात पर चिंता जाहिर की। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने यह जानकारी दी। गुरुवार को व्हाइट हाउस में पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुलाकात हुई, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बात हुई**


**ट्रंप पहले भी कर चुके हैं बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की आलोचना :** गौरतलब है कि बीते साल अगस्त में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश और भारत के संबंधों में गिरावट आई है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक वर्गों को निशाना बनाया गया और उनके खिलाफ बड़े पैमाने पर हिंसा की घटनाएं हुईं।

अभी तक भी वहां हिंसा की घटनाएं आए दिन सामने आ रही हैं। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमले रोकने में पूरी तरह से नाकाम रही है। इसे लेकर ट्रंप सरकार ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार से नाराजगी भी जाहिर की थी।

उन्होंने कहा था कि 'बांग्लादेश में भीड़ हिंदुओं पर हमले कर रही है, लूटपाट कर रही है। वहां अराजकता की स्थिति है। मेरे कार्यकाल में ऐसा कभी नहीं होता। कमला हैरिस और बाइडन ने अमेरिका समेत पूरी दुनिया में हिंदुओं की अनदेखी की है।' बीते दिनों ट्रंप ने बांग्लादेश को विदेशी सहायता के तहत दिए जाने वाले फंड रोकने का आदेश दिया था।

# जंग रोको, वरना बोल देंगे हमला, जिस पर शांति की जिम्मेदारी, वही दे रहा रूस को एयरस्ट्राइक की धमकी

पिछले तीन साल से यूक्रेन और रूस के बीच जंग जारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस जंग को रोकने की कोशिशों में जुटे हैं। दो दिन पहले ही उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से फोन पर बातचीत की थी और युद्ध रोकने के उपायों पर चर्चा की थी। अब उनके खास और उप राष्ट्रपति जेडी वेन्स जर्मनी के तीसरे सबसे बड़े शहर म्यूनिख में दोनों देशों के बीच शांति समझौता कराने की कोशिशों में शांति वार्ता करने पहुंचे हैं। आज (शुक्रवार) अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेन्स की यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की और रूसी अधिकारियों से शांति समझौते पर बातचीत होनी है।



### वेन्स की रूस को बड़ी धमकी

हालांकि, इससे पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने बड़ी बात कह दी है। उन्होंने कहा है कि अगर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के साथ शांति समझौता करने पर सहमत नहीं होते हैं तो अमेरिका मॉस्को पर और कड़े प्रतिबंध लगा सकता है और उस पर सैन्य हमले भी कर सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वेंस ने अखबार को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि अगर रूस शांति समझौते की बात नहीं मानता है तो उस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। वेन्स ने कहा, ₹लाभ उठाने के लिए आर्थिक और सैन्य साधन दोनों हैं, जिनका उपयोग अमेरिका पुतिन के खिलाफ कर सकता है।₹

### रूस पर दबाव बढ़ाने की कोशिश

अखबार के मुताबिक वेन्स ने कहा, ₹कई तरह के फॉर्मूले और कॉन्फिग्रेशन हैं लेकिन हम यूक्रेन की संप्रभु स्वतंत्रता की परवाह करते हैं।

# वरिष्ठ भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया के पुत्र अरुण चौधरी का वाग्दान समारोह धूमधाम से संपन्न



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वरिष्ठ भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया के सुपुत्र इंजीनियर अरुण चौधरी का वाग्दान संस्कार समारोह मेरठ निवासी लोकेश सिरोही की सुपुत्री डॉक्टर निशु चौधरी के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। कविनगर रामलीला मैदान में आयोजित समारोह में राजनीति समाजसेवा सहित सभी वर्गो के गणमान्य लोग पहुंचे। बृजपाल तेवतिया और उनके परिवार के सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। खास बात यह रही कि केवल भाजपा ही नहीं बल्कि अन्य दलों के लोग भी इस समारोह में पहुंचे और बृजपाल तेवतिया तथा उनके परिवार को शुभकामनाएं दीं।